RNI NO.- MPBIL/2020/79198

# उद्घोष समय

वर्ष 05 अंक 81 | सतना, बुधवार 10 सितंबर, 2025 | पृष्ठ: 4, मूल्य: 1 रूपए

# जीएसटी सुधार, आम आदमी को सुविधा और समृद्धि देने वाला उपहार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रधानमंत्री मोदी करेंगे देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का शिलान्यास



**भोपाल एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नये जनरेशन का जीएसटी रिफॉर्म लाकर जो सुधार किया है, वह आम आदमी, किसानों, एमएसएमई, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं के जीवन को स्वावलंबी बनायेगा। यह आम आदमी के जीवन को सुविधा देने वाला उपहार है। अब की बार पूरा देश स्वदेशी से समृद्धि के संकल्प के साथ दीपावली मनाएगा। स्वदेशी से स्वावलंबन के दीप घर-घर जलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रीगण से कहा कि हम सब को जीएसटी सुधारों की जानकारी जन-जन तक पहुँचानी चाहिए। संचार के सभी माध्यमों से इसका प्रचार-प्रसार किया जाये।

### स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार की थीम पर होगा कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेशवासियों के लिए गर्व और प्रसन्नता का विषय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 17 सितंबर को धार जिले के बदनावर में पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार, स्वदेशी, एक पेड़ मां के नाम, एक बगिया मां के नाम, पीएम-जनमन योजना, धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान और मिशन कर्मयोगी की थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### अस्वच्छ क्षेत्रों का चिह्नांकन कर उन्हें स्वच्छ बनाने के लिए होंगी गतिविधियां

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा की थीम पर सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। स्वच्छोत्सव की थीम पर शहरी और ग्रामीण इलाकों में अस्वच्छ क्षेत्रों का चिह्नांकन कर उन्हें स्वच्छ बनाने के लिए गतिविधियां होंगी। पखवाड़े के अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इन गतिविधियों में स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं, धार्मिक संगठनों को भी सहभागी बनाया जाए। मंत्रीगण प्रशासनिक, अधिकारी और राजनीतिक पदाधिकारी का सहयोग लेते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता- सेवा गतिविधियों का अधिक से अधिक विस्तार करें।

### आगामी वर्षों की कार्य योजना और विजन डॉक्यूमेंट पर होगी चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दशहरे के बाद भोपाल में दो दिवसीय कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर, एसपी, कमिश्नर, आईजी और पुलिस कमिश्नर भाग लेंगे। कॉन्फ्रेंस में आगामी वर्षों की कार्ययोजना और विजन डॉक्यूमेंट पर भी चर्चा होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रीगण को इससे पहले अपने-अपने विभागों की विस्तृत समीक्षा करने के निर्देश दिए।

# सीपी राधाकृष्णन निर्वाचित हुए देश के नए उपराष्ट्रपति



**नई दिल्ली एजेंसी।** एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन देश के नए उपराष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं। आज हुए मतदान में सीपी राधाकृष्णन को कुल 452 वोट मिले। वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया के उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले। राधाकृष्णन ने 152 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। उपराष्ट्रपति चुनाव में हार के बाद बी सुदर्शन रेड्डी ने कहा, मैं नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन को उनके कार्यकाल की शुरुआत के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

उप राष्ट्रपति चुनाव में कुल 98 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। शाम पांच बजे मतदान समाप्त होने के एक घंटे बाद छह बजे मतगणना प्रारंभ हुई। मतगणना समाप्त होने के बाद आज देर शाम नतीजे घोषित किए गए। जिसमें एनडीए उम्मीदवार को कुल 452 वोट मिले। जबकि विपक्ष के उम्मीदवार को 300 वोट मिले। उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल 767 वोट डाले गए। जिनमें से 752 वैध और 15 अवैध थे। कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार के पक्ष में 315 सांसदों के मतदान का दावा किया था। वहीं बीआरएस और बीजेडी ने चुनाव में भाग नहीं लिया, जबकि राज्यसभा में बीआरएस के चार और बीजेडी के सात सांसद हैं। वहीं अकाली दल के सांसद ने बाढ़ के चलते मतदान में हिस्सा लेने से मना कर दिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले मतदान किया। मोदी ने केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू, अर्जुन राम मेघवाल, जितेंद्र सिंह और एल. मुरुगन के साथ संसद भवन के कमरा संख्या 101, वसुधा में स्थापित मतदान केंद्र में अपना वोट डाला। शुरुआत में मतदान करने वालों में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा, समाजवादी पार्टी के नेता राम गोपाल यादव, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और सैयद नासिर हुसैन शामिल थे। पूर्व प्रधानमंत्री, 92 वर्षीय देवेगौड़ा व्हीलचेयर पर मतदान केंद्र पहुंचे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हाथों में हाथ डाले मतदान केंद्र तक जाते देखे गए। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार, एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी और कई अन्य नेताओं ने भी मतदान किया। जेल में बंद सांसद इंजीनियर रशीद ने भी मतदान में हिस्सा लिया। संसद के हालिया मानसून सत्र के दौरान जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उप राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, हालांकि उनका कार्यकाल दो साल बचा हुआ था। उनके इस्तीफे के कारण यह चुनाव हुआ। इस बार दोनों उम्मीदवार दक्षिण भारत से हैं। राधाकृष्णन तमिलनाडु से जबकि रेड्डी तेलंगाना से हैं। उप राष्ट्रपति पद के राजग उम्मीदवार राधाकृष्णन तमिलनाडु की एक प्रमुख ओबीसी जाति गौंडर से आते हैं और आरएसएस की पृष्ठभूमि वाले .हैं।

# चीन बॉर्डर से दिल्ली के बाजार में पहुंचा 800 करोड़ का सोना, आईटीबीपी ने जब्त किया था 108 किलो विदे



**नई दिल्ली एजेंसी।** भारतीय जांच एवं सुरक्षा एजेंसियों ने चीन के बॉर्डर से देश में आने वाले विदेशी सोने की जांच को लेकर कई खुलासे किए हैं। ये एक ऐसा मामला है, जिसमें केंद्रीय अर्धसैनिक बल आईटीबीपी सहित कई एजेंसियां शामिल हैं। इस केस को उजागर करने का श्रेय आईटीबीपी को जाता है। आरोपी तेंदु ताशी ने वर्ष 2023 और 2024 के दौरान अपने सोने की तस्करी सिंडिकेट के अन्य सदस्यों की मदद से चीन सीमा से भारत में 800 करोड़ रुपये मूल्य के 1064 किलोग्राम सोने की सफलतापूर्वक तस्करी की। खास बात है कि ये सोना, दिल्ली के बाजार में बेचा गया। चीन बॉर्डर से तस्करी के जरिए सोना, दिल्ली तक लाया जाता था। इस मामले में आईटीबीपी के बाद डीआरआई शामिल हो गई। डीआरआई ने कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। विदेशी मूल के सोने की खरीद के लिए भुगतान, क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से चीनी पक्ष के भु-चुम-चुम को किया जाता था, जांच में यह बड़ा खुलासा हुआ। भारत चीन बॉर्डर पर तैनात आईटीबीपी ने विदेशी मूल के 108 किलोग्राम सोने की जब्ती की थी। डीआरआई के बाद इस केस में प्रवर्तन निदेशालय भी शामिल हो गया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), श्रीनगर क्षेत्रीय कार्यालय ने आईटीबीपी द्वारा जब्त विदेशी सोने के मामले में दिल्ली-एनसीआर में पांच स्थानों पर छापेमारी की थी। लद्दाख में भी आवासीय और व्यावसायिक परिसरों में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (फेमा) के प्रावधानों के तहत तलाशी ली गई।

## फर्जी बैंक गारंटी पर लिया 974 करोड़ का प्रोजेक्ट और 85 करोड़ रुपये, सीबीआई ने दो आरोपियों पर कसा शिकंजा




**नई दिल्ली एजेंसी।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 183 करोड़ रुपये की फर्जी बैंक गारंटी के सहारे हासिल किए गए 974 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट घोटाले का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में इंदौर स्थित एक निजी कंपनी के प्रबंध निदेशक और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने जाली बैंक गारंटी के आधार पर न केवल ठेके लिए, बल्कि 85 करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान भी हासिल कर लिया। सीबीआई की जांच में सामने आया कि इंदौर की कंपनी तीर्थ गोपीकॉन लिमिटेड ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की फर्जी गारंटी दिखाकर तीन बड़े प्रोजेक्ट अपने नाम कर लिए। इन परियोजनाओं की कुल कीमत 974 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने गारंटी की झूठी पुष्टि के लिए पीएनबी के आधिकारिक डोमेन के नाम से नकली ईमेल भी भेजे। यह फर्जीवाड़ा मध्य प्रदेश के छतरपुर, सागर और डिंडोरी जिलों में सिंचाई परियोजनाओं से जुड़ा था। कंपनी ने 183.21 करोड़ रुपये की आठ फर्जी बैंक गारंटी जमा कराई। इन दस्तावेजों के आधार पर मध्य प्रदेश जल निगम लिमिटेड (एमपीजेएनएल) ने प्रोजेक्ट आवंटित कर दिए। कंपनी ने इन अनुबंधों के सहारे 85 करोड़ रुपये अग्रिम राशि के रूप में वसूली।मामला तब उजागर हुआ जब इस पर सवाल उठे और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने जांच के आदेश दिए। इसके बाद सीबीआई ने तीन अलग-अलग केस दर्ज किए। सीबीआई ने जांच आगे बढ़ाते हुए तीर्थ गोपीकॉन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक महेश कुंभानी और गौरव धाकड़ को गिरफ्तार किया। सीबीआई ने बताया कि एमपीजेएनएल को पीएनबी के नाम से भेजे गए नकली ईमेलों पर भरोसा हो गया।

# पीएम मोदी ने पंजाब को 1600 करोड़ दिए, हिमाचल को 1500 करोड़ मिलेंगे

**नई दिल्ली एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मंगलवार को भारी बारिश और बाढ़ से प्रभावित हिमाचल प्रदेश और पंजाब राज्य का दौरा किया। पीएम ने हिमाचल का दौरा करने के बाद बाढ़ से त्रस्त पंजाब के लिए 1600 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद का ऐलान किया है, जो राज्य के कोष में पहले से मौजूद 12,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त है। इसके अलावा पंजाब में एसडीआरएफ और पीएम किसान सम्मान निधि की दूसरी किस्त एडवांस रूप से जल्द जारी की जाएगी। साथ ही मृतकों के परिजनों के लिए 2-2 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया।

पंजाब का दौरा करने के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे क्षेत्र और राज्य के लोगों की मदद के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की जरुरत पर बल दिया। इसमें पीएम आवास योजना के तहत घरों का पुनर्निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्गों का जीर्णोद्धार, बर्बाद हुए स्कूलों का पुनर्निर्माण, क्क्ह्नक्रन्न के जरिए राहत प्रदान करने के साथ ही पशुओं के लिए मिनी किट वितरित करना जैसे उपाय शामिल होंगे।

कृषि क्षेत्र से जुड़े समुदाय की मदद को बेहद अहम माना गया। इसके लिए खासतौर से उन किसानों को अतिरिक्त आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी जिनके पास वर्तमान में बिजली कनेक्शन नहीं हैं। जिन बोरवेलों में गाद भर गई है या जो बह गए हैं, उनके फिर से सही करने के लिए राज्य सरकार के विशिष्ट प्रस्ताव के अनुसार, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत प्रोजेक्ट मोड पर मदद की जाएगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने बाढ़ प्रभावित पंजाब में मरने वालों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। इससे पहले पीएम मोदी ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वे किया। पंजाब 1988 के बाद से सबसे भीषण बाढ़ से जूझ रहा है।

## मोदी ने किया हिमाचल प्रदेश का दौरा, बारिश-बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लिए 1500 करोड़ का ऐलान, मृतकों के परिजनों को मिलेगा मुआवजा

हिमाचल प्रदेश पिछले दिनों लगातार बारिश, बादल फटने की घटना और बाढ़ की विभीषिका में खासा परेशान रहा और उसे जान-माल का भारी नुकसान भी उठाना पड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मंगलवार को पहाड़ी राज्य की आपदा का जायजा लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने हिमाचल के लिए 1500 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया। साथ ही प्राकृतिक आपदा में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए 2-2 लाख रुपये और घायलों के लिए 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि की भी घोषणा की। साथ ही एसडीआरएफ और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की दूसरी किस्त अग्रिम रूप से जारी की जाएगी।



प्रधानमंत्री मोदी ने हिमाचल का दौरा करने के बाद पूरे क्षेत्र और लोगों को फिर से पटरी पर लाने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। उनका कहना है कि राहत और जीर्णोद्धार का का कई तरीकों से किया जाएगा, जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए घरों का पुनर्निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्गों का जीर्णोद्धार, स्कूलों का पुनर्निर्माण, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष के तहत राहत का प्रावधान और पशुधन के लिए मिनी किट जारी करना शामिल है। पीएम मोदी ने आज सबसे पहले हिमाचल प्रदेश के चंबा, भरमौर और कांगड़ा समेत कई अन्य प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वे किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने कांगड़ा में आधिकारिक बैठक भी की, जिसमें राहत और पुनर्वास कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ प्रदेश में हुए नुकसान का आकलन भी किया गया। पीएम मोदी ने हिमाचल के लिए 1500 करोड़ रुपये की वित्तीय मदद देने का ऐलान किया। इसके अलावा एसडीआरएफ और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की दूसरी किस्त एडवांस रूप से जारी की जाएगी। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृति, राष्ट्रीय राजमार्गों का जीर्णोद्धार, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष के तहत राहत का प्रावधान और पशुधन के लिए मिनी किट भी जारी किए जाएंगे। हिमाचल के लिए मदद का ऐलान करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कि हाल ही में आई बाढ़ और भू-स्खलन की वजह से अनाथ हुए बच्चों को पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत व्यापक तौर पर मदद पहुंचाई जाएगी। इससे उनका दीर्घकालिक कल्याण सुनिश्चित होगा। इसी तरह कृषि समुदाय के महत्व को समझते हुए, खासतौर से उन किसानों को अतिरिक्त मदद प्रदान की जाएगी जिनके पास वर्तमान में बिजली कनेक्शन नहीं है। जबकि नुकसान पहुंचे घरों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत, क्षतिग्रस्त घरों की जियोटैगिंग की जाएगी। इससे नुकसान का सटीक आकलन करने और प्रभावित लोगों तक त्वरित गति से सहायता पहुंचाने में मदद मिलेगी। बच्चों को निर्बाध शिक्षा देने के लिए समग्र शिक्षा अभियान के तहत मदद दी जाएगी। साथ ही वर्षा जल के संग्रहण और भंडारण के लिए जल संचयन हेतु पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण भी किया जाएगा। अपने दौरे के दौरान पीएम मोदी ने आपदा से प्रभावित कई परिवारों से भी मुलाकात की। उन्होंने इस आपदा में जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति संवेदना और गहरा दुःख व्यक्त किया।

# राष्ट्रपति और राज्यपाल नाममात्र के प्रमुख, सुप्रीम कोर्ट में बोली कर्नाटक सरकार



**नई दिल्ली एजेंसी।** कांग्रेस के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि संवैधानिक व्यवस्था के तहत, राष्ट्रपति और राज्यपाल केवल नाममात्र के प्रमुख हैं और केंद्र तथा राज्य दोनों जगह मंत्रिपरिषद की सलाह पर काम करने के लिए बाध्य हैं। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के सामने कर्नाटक सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल सुब्रमण्यम ने बताया कि संविधान का अनुच्छेद 361 राष्ट्रपति और राज्यपाल को किसी भी आपराधिक कार्रवाई से छूट प्रदान करता है, क्योंकि वे कोई कार्यकारी काम नहीं करते हैं। पीठ में मुख्य न्यायाधीश के अलावा जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर भी शामिल हैं। गोपाल सुब्रमण्यम ने सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर मंत्रिपरिषद की संतुष्टि ही राज्यपाल की संतुष्टि होती है। सुप्रीम कोर्ट राष्ट्रपति के संदर्भ पर सुनवाई कर रहा है और मंगलवार को सुनवाई का आठवां दिन है। राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट में पूछा है कि क्या न्यायालय राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर विचार करने के लिए राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए समय-सीमा निर्धारित कर सकता है? कर्नाटक सरकार ने कहा कि संविधान में राज्य की निर्वाचित सरकार के अलावा किसी अन्य समानांतर प्रशासन का प्रावधान नहीं है।

# मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए देश तैयार : इसरो प्रमुख

## बोले- 2035 तक भारत के पास होगा अपना स्पेस स्टेशन

**नई दिल्ली एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख वी. नारायणन ने कहा है कि भारत 2027 तक अपनी पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि गगनयान परियोजना के तहत 7,700 ग्राउंड टेस्ट पूरे हो चुके हैं और 2,300 और परीक्षण किए जाने बाकी हैं। इसके बाद ही अंतरिक्ष में मानव मिशन को अंजाम दिया जाएगा।

नारायणन ने बताया कि गगनयान परियोजना के तहत तीन बिना चालक दल वाले मिशन होंगे। इनमें से पहला मिशन इसी साल दिसंबर में प्रस्तावित है। इसके बाद दो और मानव रहित मिशन पूरे किए जाएंगे। यह सभी



उड़ानें भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन को सफल बनाने के लिए अहम कदम साबित होंगी।

### दो मानवयुक्त मिशन को मिली मंजूरी

इसरो को गगनयान परियोजना के तहत दो मानवयुक्त मिशनों की मंजूरी मिल चुकी है। इसका मतलब है कि भारत अब उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल होने जा रहा है, जिन्होंने अपने नागरिकों को अंतरिक्ष में भेजा है। इसरो प्रमुख ने कहा कि इन मिशनों से भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमता दुनिया के सामने और मजबूत होकर उभरेगी। आगे उन्होंने ये भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो को 2035 तक भारत का अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करने और 2040 तक एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को चांद पर भेजने का लक्ष्य दिया है। इन लक्ष्यों ने भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को एक नई ऊंचाई दी है। मोदी ने कहा है कि भारत को आने वाले समय में अंतरिक्ष विज्ञान में अग्रणी देशों की पंक्ति में खड़ा होना होगा।

इसरो प्रमुख ने बताया कि हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 400 से ज्यादा वैज्ञानिकों ने चौबीसों घंटे काम किया। मिशन में पृथ्वी अवलोकन और संचार उपग्रहों का उपयोग किया गया। इस दौरान सभी उपग्रह पूरी तरह सक्रिय रहे और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जरूरतें पूरी की गईं। यह इस बात का सबूत है कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी अब रक्षा के क्षेत्र में भी अहम भूमिका निभा रही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बड़े पैमाने पर ड्रोन और लाइटरिंग म्यूनिशन का इस्तेमाल हुआ। इस मिशन में भारत के स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम आकाश तीर की क्षमताओं का भी परीक्षण किया गया।

# डब्बा ट्रेडिंग से कमाए 58 .39 करोड़, हवाला चैनल व क्रिप्टो से भी लेनदेन

## अब 34 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), मुख्यालय जांच इकाई, नई दिल्ली ने डब्बा ट्रेडिंग मामले में 34.26 करोड़ रुपये की चल अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। ये संपत्तियां, विशाल अग्निहोत्री, तरुण श्रीवास्तव, हितेश अग्रवाल, धर्मेश रजनीकांत त्रिवेदी, श्रीनिवासन रामासामी, करण सोलंकी, धवल देवराज जैन और उनके परिवार के सदस्यों से संबंधित हैं। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की गई है।

बता दें कि ईडी ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत इंदौर (मध्य प्रदेश) के लसूड़िया पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर के आधार पर उक्त केस की जांच शुरू की थी। ईडी की जांच से पता चला कि उपरोक्त व्यक्ति कई संस्थाओं और प्लेटफार्मों का संचालन कर रहे हैं, जैसे वी मनी/वीएम ट्रेडिंग (मेसर्स स्टैंडर्ड ट्रेड्स लिमिटेड), 11स्टार्स, लोटसबुक247, 8 स्टॉक हाइट्स, गोल्डमाइन, वर्टेक्स, गेमबेटलीग, आईबुल कैपिटल लिमिटेड, प्लेबुक, टारगेटएफएक्स, वर्ल्ड777 और अन्य, जो अवैध डब्बा ट्रेडिंग और ऑनलाइन सट्टेबाजी संचालन



में शामिल हैं। डब्बा ट्रेडिंग को बॉक्स ट्रेडिंग या बकेट ट्रेडिंग भी कहा जाता है। यह ट्रेडिंग, आधिकारिक स्टॉक एक्सचेंजों के बाहर व्यापार करने का एक अवैध तरीका है। आरोपियों ने निवेशकों और प्रतिभागियों से एकत्रित धनराशि को बैंक खातों, हवाला चैनलों व क्रिप्टोकरेंसी लेनदेन के माध्यम से भेजा गया। ईडी ने दिसंबर 2024, जून जुलाई 2025 में इंदौर, भोपाल, मुंबई, चेन्नई और अहमदाबाद में कई जगहों पर छापेमारी की थी। इसमें भारी मात्रा में आपत्तिजनक रिकॉर्ड, डिजिटल उपकरण, नकदी, चांदी, सोना और क्रिप्टोकरेंसी जब्त की गई। पीएमएलए की धारा 50 के तहत दर्ज बयानों से प्रमोटरों, परिवार के सदस्यों और संबंधित संस्थाओं के नाम पर संपत्ति अर्जित करने में धन के प्रवाह और उसके उपयोग का पता चला।

# नेपाल हिंसा- पूर्व पीएम की पत्नी को जिंदा जलाया, मौत,ओली का इस्तीफा

## राष्ट्रपति ने पद नहीं छोड़ा, प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए बुलाया

**काठमांडू एजेंसी।** नेपाल में हिंसक प्रदर्शनों से हालात बिगड़ गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने संसद, पीएम, राष्ट्रपति के निजी आवास में आग लगा दी। 2 पूर्व पीएम के घर पर हमला बोला। पूर्व पीएम झलनाथ खनाल के घर में आग लगा दी। इसमें उनकी पत्नी राजलक्ष्मी चित्रकार गंभीर रूप से जल गई। उन्हें तुरंत कीर्तिपुर बर्न अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। उधर, पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को उनके घर में घुसकर पीटा, जबकि वित्त मंत्री विष्णु पौडेल को काठमांडू में उनके घर के पास दौड़ा-दौड़ाकर मारा गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में एक प्रदर्शनकारी उनके सीने पर लात मारते हुए दिख रहा है। देश में जारी हिंसक हिंसक घटनाओं के बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने पद से इस्तीफा दे दिया। सेना का एक हेलिकॉप्टर उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले गया है। राजधानी काठमांडू और आसपास के इलाकों में झड़पों और आगजनी में अब तक 22 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं।

### नेपाली सेना बोली- देश की एकता बनाए रखें

नेपाल की सेना ने कहा कि देश की आजादी, एकता और लोगों की जान-माल की रक्षा हम हमेशा करते रहेंगे, चाहे हालात कितने भी मुश्किल हों। जेन जेड के आंदोलन की घटनाओं पर सेना नजर रख रही है। आंदोलन में लोगों और संपत्ति को हुए भारी नुकसान पर सेना को बहुत दुख है। मरने वालों की आत्मा को शांति मिले, इसके लिए प्रार्थना कर रहे हैं। उनके परिवारों को सेना की संवेदना है। घायलों के जल्द ठीक होने की भी



कामना है।

सेना ने कहा कि नेपाल और लोगों की भलाई के लिए हम हमेशा तैयार हैं। हम जान-माल की पूरी हिफाजत करेंगे। इस मुश्किल समय में देश की पुरानी, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चीजों को बचाना सबका फर्ज है। इसलिए, सेना ने युवाओं और सारे देशवासियों से गुजारिश की है कि आपसी भाईचारा और एकता बनाए रखें।

नेपाल की सेना ने हिंसक प्रदर्शनों के बीच लोगों की जान-माल की सुरक्षा का वादा दोहराया है। एक आधिकारिक बयान में आर्मी ने सभी नागरिकों से संयम बरतने की अपील की, ताकि हालात और बिगड़े नहीं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के चेयरमैन रबि लामिछाने की रिहाई के बाद ललितपुर के नक्खू जेल से सभी कैदी बाहर निकल गए। इस जेल में लगभग 1500 कैदी बंद थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लामिछाने की रिहाई के बाद पुलिस ने यहां से अपनी सुरक्षा चौकियों से हटने का फैसला किया, जिससे कैदियों को निकलने का मौका मिला गया। इससे इलाके में सुरक्षा खतरे की चिंता बढ़ गई है। अधिकारी हालात पर नजर रख रहे हैं। इतने सारे कैदियों के बाहर आने से जनता की सुरक्षा को बड़ा खतरा हो सकता है।

राजधानी काठमांडू के दल्लू इलाके में स्थित पूर्व प्रधानमंत्री झालानाथ खनल के घर में आग लगा दी गई, जिसके बाद उनकी पत्नी की मौत हो गई। आग लगने के समय उनकी पत्नी राज्यलक्ष्मी चित्रकार घर के अंदर थीं। वह गंभीर रूप से जल गईं और उन्हें तुरंत कीर्तिपुर बर्न अस्पताल ले जाया गया। परिवार के मुताबिक, उनकी हालत बेहद नाजुक है। उनके शरीर के कई हिस्से बुरी तरह झुलस गए हैं और उनके फेफड़ों को भी गंभीर नुकसान पहुंचा है। नेपाल में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे ल्द्द्ठ्ठ युवाओं ने एक लेटर जारी किया है। इसमें उन्होंने कहा कि सरकार को घुटनों पर ला दिया गया है।

# नरायनपुर के रैपुरिया व हाजी पट्टी गांव के बीच सर्विस रोड के किनारे रहर के खेत में युवती का शव मिला

**जिला संवाददाता अमरजीत सिंह**



नरायनपुर (मिर्जापुर) अदलहाट थाना क्षेत्र के ग्राम रैपुरिया स्थित हाइवे मार्ग के सर्विस रोड के किनारे रहर के खेत में युवती का शव फेंका पड़ा मिला।सोमवार को लगभग पांच बजे ग्रामीणों से मिली जानकारी पर नरायनपुर पुलिस मौके पर पहुंच गयी।प्रथम दृष्ट्या हत्या किये जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

चौकी इंचार्ज नरायनपुर अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि अदलहाट थाना क्षेत्र के ग्राम चंद्रताली निवासी रेखा बिंद 22वर्ष पुत्री अमरनाथ बिंद के रुप में पहचान हुई है।

मृतका की शादी चार माह पूर्व अहरौरा थाना क्षेत्र के ग्राम आनंदीपुर में हुई थी। ग्रामीणों ने बताया परिजन सुबह बिमारी होना बता कर बोलेरो से नरायनपुर लेकर आये थे।मृतका के पति ने डायल एक सौ बारह नम्बर पर फोन करके पत्नी की हत्या किये जाने की आशंका व्यक्त किया था।इसके बाद परिजन घर पर ताला बंद कर लापता हो गये है। नरायनपुर पुलिस को घटना की जानकारी सुबह होते ही उसी आधार पर श्मशान घाट व रैपुरिया क्षेत्र में छानबीन की थी लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई थी। घटना को लेकर चर्चा है कि उसकी मृत्यु कैसे हुई।परिजन शव को खेत में फेंककर क्यों फरार हो गये। मृतका को चेक चादर से ढक दिया था साथ ही झाड़ को तोड़कर शव को छुपाने का भी प्रयास किया गया था।मृतका दो भाइयों में एकलौती बहन थी।शादी के बाद ससुराल किसी कारण से नहीं गयी थी।

# थाना सतना में बच्चों को दी गई कानून व सुरक्षा की जानकारी

**उमेश कुशवाहा - ब्यूरो सतना**

**उद्घोष समय सतना।** पुलिस मुख्यालय मध्य प्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में 8 से 15 सितंबर तक प्रत्येक थाना क्षेत्र में बाल मित्र योजना विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 9 सितंबर 2025 को महिला थाना सतना में अनिल कान्वेंट स्कूल अहिरी टोला सतना के छात्र-छात्राओं को आमंत्रित कर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को देशभक्ति, जनसेवा, राष्ट्रीय एकता, सुरक्षा की भावना, साइबर अपराध से बचाव, नशे के दुष्परिणाम, डायल 112 की उपयोगिता, गुड टचङ्कबैड टच, संविधान एवं नए कानूनों की मूल जानकारी दी गई। साथ ही थाना परिसर के भवन, पुलिस गश्त, एफआईआर की प्रक्रिया, अपराध रोकथाम, लापता बच्चों की खोज, महिला व बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष कार्यप्रणाली और थाना में पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका से भी बच्चों को अवगत कराया गया। इसके अलावा बच्चों को पोक्सो एक्ट, जेजे एक्ट, बाल विवाह निषेध अधिनियम, बाल श्रम निषेध अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट एवं साइबर सुरक्षा से संबंधित कानूनों की जानकारी दी गई। आवश्यक हेल्पलाइन नंबर भी साझा किए गए।




पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनने, कानून का पालन करने, नियमों का सम्मान करने, ट्रैफिक नियमों का पालन करने तथा बड़ों, शिक्षकों, अभिभावकों और पुलिस के प्रति सम्मानजनक व्यवहार करने की समझाइश दी।

**अभियान का उद्देश्य**

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों एवं सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक बनाना, पुलिस व्यवस्था से परिचित कराना और कानून के प्रति सम्मान व सहयोग की भावना विकसित करना है।

# 50 रुपए के बजट में 20 रुपए का सामान, गर्भवती महिलाओं के साथ हो रहा खिलवाड़,सुरक्षित मातृत्व अभियान चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

**उद्घोष समय रामनगर /सतना, अंकित शर्मा**

गर्भवती महिलाओं को मिलने वाले पोषण किट में भारी गड़बड़ी सामने आई है। 50 रुपए की निर्धारित राशि के बजट के बजाय महिलाओं को मात्र 20 रुपए का सामान थमाया गया।,विभागीय जिम्मेदार पंकज की राजनीति के आगे नतमस्तक दिखाई दे रहे हैं। हाल ही में 25 अगस्त को भी मैहर में इसी तरह 50 रुपए के बजट में मात्र 15 रुपए का सामान दिया गया था, लेकिन इस पर अब तक किसी भी अधिकारी ने कार्यवाही नहीं की। यह भ्रष्टाचार सीधे तौर पर उनके स्वास्थ्य और सुरक्षित मातृत्व के अधिकार पर चोट है। बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। ताजा तस्वीर रामनगर अस्पताल की है जहां 5 रुपए का 1 पैकेट मूंगदाल,1 बिस्कुट,1 भुजिया नमकीन, और 1 पानी पाउच सहित 2 केला दिया गया है, जिसकी कुल कीमत 20 रुपए है।



# मैहर जिले में फैक्ट्रियों के कारण गांवों की हुई दुर्दशा

**उद्घोष समय मैहर, अंकित शर्मा**

मैहर जिले में सी एस आर फंड समाज सेवा दिखावा कर हजम करती है सीमेंट फैक्ट्रियां मैहर जिले में तीन फैक्ट्रियों होने के बावजूद मैहर में सड़को के हाल खस्ता है जबकि मजे की बात तो यह है मैहर जिले में पत्थरों का वैध-अवैध परिवहन इन सीमेंट फैक्ट्रियो को ही लाभ पहुंचाता है लेकिन इन फैक्ट्रियों द्वारा आज तक न ही इन सड़को का चौड़ीकरण कराया गया और न ही गुणवत्ता वाली सड़कों का निर्माण कार्य सी एस आर फंड से कराया गया है मैहर जिले की सीमेंट फैक्ट्रियां सी एस आर फंड का केवल मिलजुलकर बंदरबाट कर लिया जाता है और धूल डष्ट सड़क दुर्घटनाओ में मरे मैहर की जनता पर इन फैक्ट्रियों को मैहर की जनता की क्यों परवाह होगी इनका तो व्यापार फलफूल रहा है।



# माध्यमिक विद्यालय किल्हौरा के विद्यालय प्रांगण में कीचड़ की भरमार

## वर्षा के पानी का होता जल भराव

**उद्घोष समय मझगवा/सतना, अंकित शर्मा**

सतना जिले के अंतर्गत मझगवां विकासखंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय किल्हौरा के विद्यालय परिसर में वर्षा के पानी से जल भराव होता है, जल भराव होने के कारण पूरे विद्यालय प्रांगण में कीचड़ मचा हुआ है। विद्यालय में नर्सरी क्लास से माध्यमिक तक के दर्ज बच्चों की संख्या लगभग 315 है, इन 315 बच्चों पर 8 टीचर कार्यरत है। इन्हीं आठ टीचरों में एक टीचर को जन शिक्षक का दायित्व सौपा गया है, अब प्रश्न उठता है कि इतनी छात्र संख्या होने पर भी यदि टीचर इस विद्यालय में कम है तो फिर इसी विद्यालय के शिक्षक को जन शिक्षक का दायित्व क्यों सौपा गया, छात्र संख्या के आधार पर विद्यालय मे अध्यापकों की कमी है फिर भी इसी विद्यालय के टीचर को जन शिक्षक का दायित्व क्यों सौपा गया? दूसरा प्रश्न यह है की क्या ग्राम पंचायत के पास इतना बजट नहीं है की विद्यालय प्रांगण में गिट्टी मुर्म से विद्यालय प्रांगण के गहराई वाले हिस्से को भरा जा सके, गांव का ही सरपंच गांव का ही विद्यालय, यदि पंचायत के द्वारा गिट्टी मुर्मू डलवा दी जाए, तो फिर निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि बच्चे कीचड़ से छुटकारा पा सकते हैं,अथवा विद्यालय के रखरखाव के लिए जो बजट शासन से प्राप्त होता है इस बजट से भी गिट्टी मुर्मू डालने का काम हो सकता है, लेकिन बच्चों का दुर्भाग्य है कि ना तो पंचायत के द्वारा ना ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा गिट्टी मुर्मू नहीं डलवाई जा रही,




मेरी जानकारी के अनुसार माध्यमिक विद्यालय में लगभग ?50000 विद्यालय के रखरखाव के लिए प्राप्त होते हैं, फिर यह पैसा जाता कहां है? क्या इन छोटे-छोटे बच्चों का कीचड़ से होकर विद्यालय में जाना एक दुर्भाग्य कहा जा सकता है? विद्यालय प्रांगण साफ सुथरा होना चाहिए, किसी तरह का कीचड़ नहीं होना चाहिए, लेकिन यह व्यवस्था इस विद्यालय में उपलब्ध नहीं है।

**,टूटी हुई रसोई में बनता मध्यान भोजन**

एक तरफ सरकार जोर देखकर अभियान चलाती है की कोई भी बच्चा शिक्षा से छूटने न पाए, यह अभियान इतना जोरदार होता है की विद्यालय के टीचर पूरे जुलाई एवं अगस्त माह में बच्चों के एडमीशन पर ध्यान देते हैं, लेकिन सरकार यह ध्यान नहीं देती है कि विद्यालय के बिल्डिंग की स्थिति क्या है? बच्चे जिस बिल्डिंग में पढ़ रहे हैं क्या यह बिल्डिंग क्षतिग्रस्त तो नहीं है? विद्यालय में किचन है अथवा नहीं है इसकी भी चिन्ता नहीं है, मध्यान भोजन बनना चाहिए किचन उपलब्ध हो अथवा ना हो, कुछ ऐसी ही स्थिति इस विद्यालय में है, एक जर्जर किचन मे महिलाएं बच्चों के लिए भोजन बना रही है, पूरा किचन सेट बाबा आदम के जमाने का बना हुआ लगता है, यदि ज्यादा वर्षा होती है तो फिर भोजन बनाने में रसोइयों को भारी कठिनाई होती है, आखिरकार इस कठिनाई का जिम्मेवार कौन है? क्या शासन के पास शिक्षा एवं विद्यालय की व्यवस्था के नाम पर बजट का अभाव है! अतः प्रशासन को सर्वे करते हुए इस विद्यालय में होते जल भराव को तत्काल रोके जाने की आवश्यकता है तथा विद्यालय प्रांगण में जर्जर किचन को हटाकर दूसरा किचन बनवाये जाने की आवश्यकता है, इसी विद्यालय प्रांगण में अधूरी बिल्डिंग खड़ी है इस बिल्डिंग को अधूरा छोड़ने का जिम्मेवार कौन है इस पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। विद्यालय प्रांगण में खुला हुआ जल कूप है इस कुए को भी तत्काल लोहे की जाली लगाकर ढकवाये जाने की आवश्यकता है?।

# ग्राम रोजगार सहायकों ने सौंपा ज्ञापन



**उद्घोष समय सतना, अंकित शर्मा**

रामपुर बाघेलान। ग्राम रोजगार सहायक संघ, मनरेगा ग्राम रोजगार सहायक महासंघ के बैनर तले ग्राम रोजगार सहायकों ने अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी राहुल पाण्डेय को जिला पंचायत सीईओ के नाम ज्ञापन सौंपा। सहायकों की प्रमुख मांगों में सचिव विहीन ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार सहायकों (सहायक सचिवों) को पंचायत सचिव का चार्ज सौंपना तथा ग्राम रोजगार सहायकों का दो माह से लंबित मानदेय शीघ्र अंतरित करना शामिल रहा। ज्ञापन सौंपते समय समस्त ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

# इंदौर के प्रथम नागरिक की नहीं सुन रहे सरकारी विभाग, महापौर ने सीएस को चिट्ठी लिखकर बताई पीड़ा, खुद की जिम्मेदारियों से झाड़ा पल्ला

यह विडंबना ही है कि इंदौर के सरकारी विभाग यहां की जनता द्वारा भारी मतों से चुने गए प्रथम नागरिक महापौर पुष्यमित्र भार्गव की नहीं सुन रहे। महापौर ने सीएस अनुराग जैन को पत्र लिखकर अपनी पीड़ा बताई है। महापौर ने इसमें लिखा है कि कई बार बैठक करने के बाद भी विभाग उनकी नहीं सुन रहे हैं।



महापौर ने अपने पत्र में लिखा है कि ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने और आवागमन को सुगम करने के लिए शासन द्वारा मध्यप्रदेश रोड विकास प्राधिकरण, इंदौर विकास प्राधिकरण, मेट्रो विभाग और नेशनल हाईवे अथॉरिटी के जरिए फ्लाईओवर निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इन विभागों के साथ समन्वय बैठक कर पूर्व में निर्देश दिए गए थे कि निर्माण कार्य जारी रखते हुए वैकल्पिक मार्ग और सर्विस रोड को सुचारू रखें, ताकि आमजन को असुविधा न हो और दुर्घटनाओं की संभावना न रहे।

**लोग नगर निगम को ठहराते हैं दोषी**

महापौर ने लिखा है कि इन विभागों की अकर्मण्यता के कारण वैकल्पिक मार्गों पर बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं और राज्य शासन, प्रशासन, नगर निगम और सरकार की छवि पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। आम नागरिक जानकारी के अभाव में नगर निगम को दोषी मानते हैं, जबकि इसके लिए निर्माण एजेंसियां जिम्मेदार हैं।

**बैठक के निर्देश भी नहीं मान रहे विभाग**

महापौर ने लिखा कि 6 सितंबर को एक बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि वैकल्पिक मार्ग और सर्विस रोड को दुरुस्त किया जाए, गड्ढों को भरा जाए और यातायात को सुरक्षित बनाया जाए। इसके बाद भी संबंधित विभागों ने इसे अनदेखा किया है, जो अनुचित है।

**सीएस से तत्काल संज्ञान लेने की मांग**

महापौर ने पत्र के माध्यम से सीएस से आग्रह किया है कि वे संबंधित विभागों की लापरवाही पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई करें ताकि जनता को हो रही असुविधा और दुर्घटनाओं से राहत मिल सके।

**आपकी ताकत क्यों नहीं समझ पा रहे विभाग**

महापौर की इस चिट्ठी के बाद जनता के मन में कई सवाल उठ रहे हैं। जिस शहर में एक पार्षद किसी भी विभाग के अधिकारी को चमका कर अपना काम करवा लेते हैं, उसी इंदौर में कोई महापौर की नहीं सुन रहा। लोग तो कह रहे हैं कि महापौरजी, आपने चिट्ठी लिखकर अपनी और भद्द पिटवा ली। आखिर आप चुने हुए जनप्रतिनिधि हो, जनता ने आपको भारी मतों से इसलिए विजयी बनाया, ताकि आप समस्या का समाधान करेंगे, लेकिन आप ने तो हाथ खड़े कर दिए। क्या यह मान लिया जाए कि इस शहर में आपकी बिल्कुल ही नहीं चलती या फिर यह मान लिया जाए कि आप जिम्मेदारी से बचना चाहते हो।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जिले के 300 से अधिक घर जगमगाए

## 1600 से अधिक लोगों ने लिया लाभ के लिए आवेदन, हर महीने हजारों की हो रही बचत

**संवाददाता शाहनवाज़ खान**
**जिला ब्यूरो रायगढ़**

रायगढ़, 9 सितम्बर 2025/ प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना रायगढ़ जिले के उपभोक्ताओं के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना से लाभान्वित हितग्राही न केवल ऊर्जा उपभोक्ता से ऊर्जा उत्पादक बन रहे हैं, बल्कि ऊर्जा दाता के रूप में अपनी नई पहचान स्थापित कर रहे हैं। अब तक जिले में 300 से अधिक घरों की छतों पर सौर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं। वहीं 1670 लोगों ने इस योजना का लाभ लेने आवेदन किया है, जिनमें से 751 उपभोक्ताओं ने अपने पसंदीदा वेंडर का चयन कर लिया है। विभाग के अनुसार, 200 से अधिक हितग्राहियों को सब्सिडी की राशि उनके बैंक खातों में जमा भी कर दी गई है।



**हितग्राहियों की जिंदगी में आया बदलाव**

योजना से लाभान्वित उपभोक्ताओं का कहना है कि इससे उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति मजबूत हुई है। लोहरसिंह गांव के ईश्वर प्रसाद नायक ने अपने घर की छत पर 3 किलोवॉट क्षमता का रूफटॉप सोलर प्लांट लगाया। अप्रैल में उनके प्लांट ने 267 यूनिट बिजली उत्पन्न की, जिससे उन्हें 577 रुपए की छूट मिली और उन्हें केवल 50 रुपए का बिल चुकाना पड़ा। मई में तो उनकी बिजली खपत पूरी तरह सौर ऊर्जा से पूरी हुई। इसी तरह, रायगढ़ के प्रदीप मिश्रा, प्रदीप पटेल जैसे अनेक हितग्राहियों ने भी योजना का लाभ उठाकर अपने घरों पर सौर पैनल लगवाया। उनका कहना है कि यह योजना केवल आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे उन्हें मानसिक शांति और आत्मनिर्भरता का भी अनुभव हो रहा है।



**योजना की सब्सिडी और आर्थिक लाभ**

सरकार उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा प्लांट लगाने के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। 1 किलोवॉट क्षमता के प्लांट से औसतन 120 यूनिट प्रतिमाह बिजली उत्पादन, सब्सिडी 45,000 रुपए (केंद्र 30,000 रुपए + राज्य 15,000 रुपए, 2 किलोवॉट क्षमता के प्लांट से औसतन 240 यूनिट/माह उत्पादन, सब्सिडी 90,000 रुपए (केंद्र 60,000 रुपए + राज्य 30,000 रुपए) और 3 किलोवॉट क्षमता के प्लांट से औसतन 360 यूनिट/माह उत्पादन, सब्सिडी 1,08,000 रुपए (केंद्र 78,000 रुपए+राज्य 30,000 रुपए) सरकार द्वारा दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, उपभोक्ताओं को ऋण की सुविधा भी उपलब्ध है।

**आसान आवेदन प्रक्रिया**

योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। उपभोक्ता स्वयं श्वद्वह्यह्वह्म्4ड्डद्धड्डह्म्.द्द श्1.द्बठ्ठ पोर्टल या पीएम सूर्य घर मोबाइल ऐप, सीएसपीडीसीएल वेबसाइट, मोर बिजली ऐप और टोल फ्री नंबर 1912 के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उपभोक्ता ऑनलाइन ही अपने पसंद के वेंडर का चयन भी कर सकते हैं। यह योजना न केवल उपभोक्ताओं के बिजली बिल में हर महीने हजारों रुपए की बचत करा रही है, बल्कि जिले के हितग्राही पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा उत्पादन में भी सक्रिय भागीदार बन रहे हैं।

# एकेएस यूनिवर्सिटी के राजीव गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी में दीक्षारंभ का दूसरा दिन,सर्टिफिकेट प्रोग्राम 2025 का समापन

**उद्घोष समय सतना, अंकित शर्मा**

**सतना, 4 सितंबर।** एकेएस यूनिवर्सिटी के राजीव गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी में चल रहे दीक्षारंभ कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत 3 और 4 सितंबर को सर्टिफिकेट प्रोग्राम का सफल आयोजन हुआ। इस विशेष अवसर पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों को फार्मेसी क्षेत्र की बुनियादी संरचना, अवसरों और नवीनतम करियर संभावनाओं से अवगत कराया गया।कार्यक्रम में प्रो-चांसलर अनंत कुमार सोनी, कुलपति प्रो. बी. ए. चोपड़े, रजिस्ट्रार डॉ. आर. एस. त्रिपाठी, प्रतिकुलपति, डॉ. हर्षवर्धन, परीक्षा नियंत्रक डॉ.शेखर मिश्रा, आईक्यूएसी के डायरेक्टर प्रो.जी.सी.मिश्रा,डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ.महेंद्र तिवारी तथा निदेशक ब्रजेंद्र सोनी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इनकी गरिमामयी उपस्थिति ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और कार्यक्रम को विशिष्ट महत्व प्रदान किया।

विशेष सत्र में पुणे स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी एजुकेशन एंड रिसर्च के मानद निदेशक डॉ. महेश बुरांडे और मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री समीर बुरांडे ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। डॉ. महेश बुरांडे ने फार्मेसी क्षेत्र की वर्तमान चुनौतियों और संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

वहीं, श्री समीर बुरांडे ने फार्मा ब्रांड मैनेजमेंट टू जनरेट प्रिसक्रिप्शन विषय पर अपने व्याख्यान से विद्यार्थियों को गहराई से प्रभावित किया। उन्होंने बताया कि फार्मा उद्योग में ब्रांड मैनेजमेंट केवल दवाओं के प्रचार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह डॉक्टरों और मरीजों के बीच विश्वास स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। सही रणनीति से न केवल प्रिस्क्रिप्शन जेनरेशन होता है, बल्कि यह समाज की स्वास्थ्य सेवाओं को भी मजबूत करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को फार्मेसी सेक्टर के नवीनतम जॉब ट्रेंड्स जैसे क्लिनिकल रिसर्च, रेग्युलेटरी अफेयर्स, फार्माकोविजिलेंस, मेडिकल राइटिंग, हेल्थकेयर डेटा एनालिटिक्स, फार्मा सेल्स और मार्केटिंग में उपलब्ध अवसरों की ओर विशेष रूप से प्रेरित किया।



संस्थान के निदेशक डॉ. सूर्य प्रकाश गुप्ता ने फार्मेसी शिक्षा की प्रारंभिक जानकारी प्रस्तुत करते हुए संस्थान की शैक्षणिक, अनुसंधान एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की और विद्यार्थियों को सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया।

इस सफल आयोजन में डॉ. मधु गुप्ता, प्रभाकर तिवारी, नेहा गोयल, नीलम सिंह, शुभम शुक्ला, आशुतोष जैन, डॉ. तारू दुबे, भूपेंद्र पांडेय, ऋषिराम त्रिपाठी, प्रदीप सिंह, सुमित पांडेय, जया गौतम, कशिश सोनी, ऋतिका दुबे एवं शुभम गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम का समापन अतिथियों का स्वागत शाल-श्रीफल और मोमेंटो भेंट कर किया गया। यह आयोजन फैकल्टी ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में हुआ और विद्यार्थियों के करियर निर्माण में एक मील का पत्थर सिद्ध हुआ। पहले दिन के कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर डॉ. मधु गुप्ता और आशुतोष जैन रहे जबकि दूसरे दिन के कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर प्रभाकर तिवारी और नेहा गोयल रहे।

# ए.के.एस. विश्वविद्यालय, सतना और इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च प्रा. लि., पुणे के बीच अकादमिक एवं शोध सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित



**उद्घोष समय सतना, अंकित शर्मा**

**सतना,।** 6 सितंबर।ए.के.एस.विश्वविद्यालय, सतना ने इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड पुणे के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह पहल फार्मास्यूटिकल शिक्षा, अनुसंधान और पेशेवर प्रशिक्षण को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस एमओयू पर विश्वविद्यालय की ओर से प्रो-चांसलर श्री अनंत कुमार सोनी एवं डीन, फैकल्टी ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंसेज़ एंड टेक्नोलॉजी, डॉ. सूर्य प्रकाश गुप्ता ने हस्ताक्षर किए। वहीं इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च प्रा. लि., पुणे की ओर से डायरेक्टर डॉ. महेश बुरांडे और सीईओ श्री समीर बुरांडे ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप संयुक्त सर्टिफिकेट प्रोग्राम्स का संचालन होगा। वेबिनार, कार्यशालाएँ और विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित कर विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को फार्मेसी शिक्षा और उद्योग की नवीनतम प्रवृत्तियों से जोड़ना।अनुसंधान एवं नवाचार साझेदारी को सुदृढ़ बनाना, जिससे नई औषधीय खोज, तकनीकी हस्तांतरण और कौशल विकास के अवसर उपलब्ध हों। यह सहयोग विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता और व्यावसायिक दक्षता दोनों का अनुभव प्रदान करेगा। दोनों संस्थानों के प्रतिनिधियों ने इस एमओयू को ज्ञान विनिमय और अकादमिक नवाचार का एक सशक्त मंच बताया, जो विद्यार्थियों को अग्रणी विश्वविद्यालयों के अवसरों के समकक्ष अनुभव प्रदान करेगा। इस साझेदारी के माध्यम से ए.के.एस. विश्वविद्यालय और फार्मास्यूटिकल साइंसेज़, शिक्षा और अनुप्रयुक्त अनुसंधान के क्षेत्र में विमर्श को गति देंगे और भविष्य के स्वास्थ्य एवं फार्मेसी नेतृत्व को तैयार करने में योगदान देंगे।

# पुलिस अधीक्षक ने की अपराध समीक्षा बैठक, उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मी हुए सम्मानित

**संवाददाता शाहनवाज़ खान**
**जिला ब्यूरो रायगढ़**

**रायगढ़, 9 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग कुमार पटेल ने आज पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के राजपत्रित अधिकारियों, थाना और चौकी प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक की शुरुआत में गत माह अपराध अनावरण और क्राइम डिटेक्शन में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इसके बाद क्राइम मीटिंग में एसपी ने थानेवार सुखा नशा, मादक पदार्थों तथा प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की समीक्षा की और जिन थाना प्रभारियों की कार्यवाही में कमी पाई गई, उन्हें सुधार लाने और अभियान को और तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाने और नशे की चपेट में आए नवयुवक व नाबालिगों को नशामुक्ति केंद्र भेजने के निर्देश दिए। साथ ही घूमंतू प्रवृत्ति के युवकों द्वारा इजेक्शन, साल्वेंट गोंद आदि के दुरुपयोग पर कार्रवाई करने और ड्रग एवं औषधि विभाग के साथ मिलकर बिना डॉक्टर पर्ची दवा बेचने वाले मेडिकल स्टोरों पर सख्त कार्यवाही करने को कहा।

आगामी दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व को लेकर उन्होंने शांति समिति की बैठक आयोजित करने, पंडालों की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने और



कानून व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए। संपत्ति संबंधी अपराधों में बरामदगी बढाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साइबर पोर्टल, ई-साक्ष्य और सीसीटीएनएस कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी पोर्टलों को अद्यतन रखने को कहा। वारंट-समन तामिली और कर्मचारियों की पेशी में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के आदेश दिए। गंभीर मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी में लापरवाही पर असंतोष व्यक्त करते हुए फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर प्रोत्साहन देने की बात कही। लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण कर विवेचना की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। एसपी ने थाना प्रभारियों को नागरिकों और आगंतुकों से शालीन व्यवहार रखने, अधिनस्त कर्मचारियों पर नियंत्रण बनाए रखने और अनुशासन कायम रखने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारियों को समय-समय पर जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों से बैठकें करनी चाहिए तथा समाज में अच्छे कार्य करने वालों को सम्मानित कर उनकी सहभागिता बढ़ानी चाहिए।

क्राइम मीटिंग में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा, डीएसपी साइबर सेल अनिल विश्वकर्मा, एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल, एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी, आरआई अमित सिंह सहित जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी और शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। सम्मानित पुलिसकर्मियों में उप निरीक्षक दिलीप कुमार बेहरा, एएसआई शशिदेव भोई, जयराम सिदार, नरसिंह नाथ यादव, प्रधान आरक्षक श्रीराम साहू, अरविंद पटनायक, आरक्षक रोशन एक्का, कमलेश यादव, सुरेंद्र यादव, पुष्पेंद्र सिदार, पुरुषोत्तम सिदार, साविल चंद्रा, डमरू धर पटेल, राजेंद्र राठिया, अश्वनी कुमार सिदार, कोमल तिवारी, बोधराम सिदार, हरीश पटेल, उधो पटेल तथा महिला आरक्षक देवकुमारी भारते, प्रतीक्षा मिंज और सुमन राठिया शामिल रहे।

# निफ्टेम कुंडली ने जशपुर में आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने के लिए डीएसटी द्वारा प्रायोजित परियोजना शुरू की

**उद्घोष न्यूज़ नारायण प्रधान**

जशपुरनगर 09 सितम्बर 2025/ सतत विकास और जनजातीय सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम), कुंडली, सोनीपत, हरियाणा को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार द्वारा प्रायोजित एक प्रतिष्ठित परियोजना प्रदान की गई है। सतत आजीविका और उद्यमिता विकास के लिए छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जनजाति समुदायों की स्वदेशी प्रथाओं का तकनीकी संवर्धनश नामक यह पहल जशपुर जिले में संचालित होगी।

इस परियोजना का उद्देश्य पारंपरिक प्रथाओं का वैज्ञानिक विश्लेषण और संवर्धन करना है, जैसे जावाफूल और जीराफूल चावल की स्वदेशी छिलका उतारने की विधियाँ, महुआ के फूलों का कटाई-पश्चात प्रसंस्करण और महुआ, कुट्टू और रागी से मूल्यवर्धित उत्पाद तैयार करना। आधुनिक तकनीकों को एकीकृत करके, इस परियोजना का उद्देश्य उत्पादन क्षमता, पोषक तत्वों की अवधारण, उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार लाना और ऊर्जा खपत एवं प्रसंस्करण हानियों को कम करना है।

निफ्टेम के प्रधान अन्वेषक डॉ. प्रसन्ना कुमार जी.वी. ने क्षेत्रीय गतिविधियां आरंभ करने के लिए 6-7 सितंबर 2025 को जशपुर का दौरा किया। उन्होंने जिला मिशन प्रबंधक



(एसआरएलएम) श्री विजया शरण प्रसाद और जय जंगल एफपीसी के निदेशक श्री समर्थ जैन के साथ मिलकर बैल (चालित रोटरी पावर ट्रांसमिशन सिस्टम) और इलेक्ट्रिक मोटर (चालित ढेकियों स्थानीय जीराफूल और जावाफूल चावल की किस्मों के लिए अनुकूलित पारंपरिक चावल छिलका उतारने वाले उपकरण) की स्थापना के लिए संभावित स्थलों की पहचान की। ये प्रणालियाँ अनाज की प्राकृतिक सुगंध, प्रोटीन, विटामिन और पोषक तत्वों को संरक्षित रखने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। इसके अतिरिक्त, टीम ने महुआ उत्पादक क्षेत्रों में सौर सुरंग सुखाने की प्रणालियाँ स्थापित करने के लिए स्थानों का सर्वेक्षण किया, जिसका उद्देश्य कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करना और उत्पाद की शेल्फ लाइफ में सुधार करना है।

**परियोजना के व्यापक लक्ष्यों में शामिल –**

बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों की व्यवहार्यता और मापनीयता का आकलन, सामुदायिक स्वामित्व और उच्च आय सृजन सुनिश्चित करने के लिए सहभागी मॉडल बनाना, प्रौद्योगिकी अपनाने को बढ़ावा देने के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करना, जनजातीय उत्पादों के लिए ब्रांडिंग और विपणन चौनल विकसित करना, और मूल्य श्रृंखला में उद्यमशीलता को बढ़ावा देना।

जशपुर के कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने कहा यह पहल परंपरा और तकनीक का एक अनूठा संगम है। स्वदेशी ज्ञान का सम्मान करके और वैज्ञानिक उपकरणों से समुदायों को सशक्त बनाकर, हम एक सुदृढ़ और समृद्ध भविष्य की नींव रख रहे हैं। इस परियोजना से स्थानीय कृषि, अर्थव्यवस्था में बदलाव आने की उम्मीद है, जिससे आदिवासी समुदायों को आय, कौशल विकास और बाज़ार तक पहुँच के नए अवसर मिलेंगे। साथ ही क्षेत्र की पारिस्थितिक और सांस्कृतिक अखंडता भी सुरक्षित रहेगी। निफ्टेम, कुंडली ने पिछले तीन वर्षों से ग्राम अंगीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत जशपुर जिले के कुछ गांवों को शामिल किया है।

## *जशपुर जिले में 56 करोड़ 57 लाख की लागत से 484 नए आंगनबाड़ी भवन निर्माण की मिली स्वीकृति , मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल से बच्चों और माताओं के पोषण, शिक्षा व स्वास्थ्य को मिलेगा नया आयाम

**उद्घोष न्यूज़ नारायण प्रधान**



**जशपुरनगर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की प्राथमिकता हमेशा से प्रदेश के बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा को लेकर रही है। इसी दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए जशपुर जिले में 56 करोड़ से भी अधिक की लागत से 484 नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रत्येक आंगनबाड़ी भवन पर 11 लाख 69 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। इस प्रकार करोड़ों रुपए की राशि सीधे तौर पर जिले में आंगनबाड़ी सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और विस्तार पर लगाई जाएगी। इससे न केवल बच्चों और माताओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी बल्कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी एक स्थायी और सुसज्जित कार्यस्थल प्राप्त होगा।

**जर्जर भवन एवं अस्थाई से स्थायी भवन की ओर**

अब तक अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र भवन जर्जर हालत में या किराए के मकानों में संचालित होते थे।ऐसे स्थानों में न तो बच्चों को बैठने की समुचित सुविधा मिलती थी और न ही साफ-सफाई का पर्याप्त वातावरण। लेकिन नए भवन बनने के बाद बच्चों को स्वच्छ, सुरक्षित और अनुकूल माहौल उपलब्ध होगा, जिससे उनकी शिक्षा और पोषण संबंधी गतिविधियाँ व्यवस्थित ढंग से संचालित होंगी।

**बच्चों और माताओं के लिए एक संपूर्ण केंद्र**

नए आंगनबाड़ी भवन सिर्फ पढ़ाई या आहार वितरण का स्थान नहीं होंगे, बल्कि ये ग्रामीण समाज में पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य और जागरूकता का केंद्र बनेंगे। इन भवनों में बच्चों को पौष्टिक आहार ,खेल-खेल में सीखने की व्यवस्था,नियमित स्वास्थ्य जांच,माताओं के लिए पोषण व स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम जैसी सेवाएं उपलब्ध होंगी। इससे जिले में कुपोषण को कम करने और शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने में बड़ी भूमिका निभाई जाएगी।

**मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का संकल्प अब कोई भी बच्चा शिक्षा की कमी से नहीं होगा वंचित**

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा का संकल्प है कि जशपुर का कोई भी बच्चा अब कुपोषण और शिक्षा की कमी से वंचित नहीं रहेगा। सरकार का लक्ष्य है कि हर बच्चे और हर माता को स्वस्थ, शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। नए आंगनबाड़ी भवन आने वाली पीढ़ी के जीवन स्तर को बेहतर बनाएंगे और प्रदेश में पोषण क्रांति की नींव मजबूत करेंगे।

**ग्रामीणों की खुशी और सीएम साय के प्रति आभार**

ग्रामीण अंचलों के लोगों ने इस नए आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उनका कहना है कि यह पहल आने वाली पीढ़ी के भविष्य को उज्ज्वल बनाने वाली साबित होगी। अब बच्चे अस्थायी कमरों में नहीं, बल्कि सुसज्जित भवनों में शिक्षा और पोषण प्राप्त करेंगे।

## एक बार फिर वार्ड क्रमांक 2 के वार्ड वासियों के द्वारा लवकुशनगर पुलिस की रात्रि गस्त पर लगाए सवालिया निशान

लवकुशनगर/ आज दिन मंगलवार को वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद प्रतिनिधि खिलानंद तिवारी के साथ दर्जनों वार्ड वासी महिलाओं के द्वारा लवकुशनगर थाने उपस्थित होकर लवकुशनगर थाना प्रभारी को एक लिखित शिकायती आवेदन पत्र सोपा है जिसमें लेख हे कि वार्ड क्रमांक 2 में रात्रि में सुनसान इलाका होने के कारण क्योंकि वहां पर पहाड़ी क्षेत्र है आदि जगहों पर लाइट भी नहीं है इसी वजह से आए दिन वहां पर चोरियां होती हैं द्य कल रात्रि भी कुछ अज्ञात चोर वार्ड में चोरी की नीयत से घूमते हुए दिखाई दिए हैं द्य ऐसा वार्ड वासियों का कहना है द्य अब प्रश्न यह उठता है क्या रात्रि में पुलिस की गस्त होती है या नहीं लोगों ने रात्रि पुलिस की गस्त के संबंध में एक ज्ञापन लवकुशनगर पुलिस को सौपा है द्य

# खेत में मिले ड्रोन की सच्चाई आई सामने, एक युवक ने अमेजॉन से मंगाया था ड्रोन, उड़ाते ही हुआ रेंज से बाहर, ढूढने पर भी नहीं मिला

**गौरिहार ।** थाना इलाके के यूपी बॉर्डर से लगे ग्राम चंद्रपुरा के एक खेत में ड्रोन मिलने का मामला सामने आया था, जिसका पटाक्षेप पुलिस ने कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार चंद्रपुरा के पड़ोसी गांव सिसोलर निवासी शिवम यादव ने गत 24 अगस्त को उक्त ड्रोन कैमरे को ऑनलाइन अमेजॉन से 18 सौ रुपये में मंगाया था, वह 25 अगस्त को शाम लगभग 4 बजे गांव से बाहर उड़ाने के लिए अपने साथियों के साथ गया था तभी ड्रोन उड़ते ही रेंज से बाहर होकर गुम हो गया। शिवम ने बताया कि हम लोगों ने आस-पास के खेतों में उसे तलास किया लेकिन वह नहीं मिला।

**गांव में पुलिस की सूचना और सोशल मीडिया में चल रही खबरों से चला पता**

शिवम ने बताया कि रविवार को चंद्रपुरा के खेत में मिले ड्रोन की खबर मुझे पुलिस द्वारा दी गई सूचना और सोशल मीडिया के माध्यम से मिली, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि उक्त ड्रोन मेरा है। मेरे पास अभी भी उक्त ड्रोन का रिमोर्ट व चार्जर है। उसने बताया कि विवाह-उत्सव आदि कार्यक्रमों में बुकिंग के लिए मैं एक बड़ा ड्रोन खरीदना चाहता हूं, मैंने सीखने के उद्देश्य से इस सस्ते ड्रोन को मंगाया था। लेकिन वह पहली बार में उड़ान भरकर गुम हो गया। इस मामले में थाना प्रभारी संदीप दीक्षित ने बताया कि मामले की तस्दीक कर युवक को समझाइस देते हुए छोड़ा गया है।

**क्षेत्र में रात में ड्रोन उड़ने की खबरों का नहीं थम रहा सिलसिला**

चंद्रपुरा के खेत में मिले ड्रोन कैमरे का पटाक्षेप भले ही हो गया हो लेकिन इलाके के कई ग्रामों से



रात्रि में ड्रोन उड़ने की खबरें लगातार आ रही हैं। इसी को लेकर दिन भर चौक-चौबारों में लोग चर्चा करते देखे जा सकते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि पुलिस की लगातार गस्त के बावजूद एक भी मामला सामने नहीं आ रहा है। कुछ भी हो इन चर्चाओं में कितनी सच्चाई है यह तो सच सामने आने के बाद ही पता चल सकेगा। पुलिस ने इस तरह की दिखने वाली गतिविधियों की सूचना तुरंत डायल-112 को देने की अपील की है।

# संकट मोचन तिराहा पर जन सहयोग से नवनिर्मित पुलिस सहायता केंद्र का किया गया लोकार्पण

**जन सहयोग से निर्मित यह पुलिस सहायता केंद्र जन सेवा हेतु समर्पित**

**छतरपुर ।** छतरपुर नगर के थाना सिविल लाइन एवं थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत संकट मोचन तिराहा पर जन सहयोग से निर्मित आधुनिक पुलिस सहायता केंद्र का आज छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव एवं पुलिस अधीक्षक श्री अगम जैन द्वारा विधिवत लोकार्पण किया गया।

यह पुलिस सहायता केंद्र पूर्णतः आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें वातानुकूलन, वेंटिलेशन, विश्राम हेतु पृथक केबिन, दो बेड, प्रकाश, फर्नीचर एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। चौकी 24 घंटे जनसेवा हेतु खुली रहेगी। यह क्षेत्र एक मिश्रित आबादी वाला क्षेत्र है, चौकी के निर्माण में सभी संप्रदाय के लोगों ने सहयोग किया।

इस पुलिस सहायता केंद्र के खुलने से थाना कोतवाली एवं थाना सिविल लाइन क्षेत्र के वासियों के लिए सुविधा रहेगी। यह मार्ग फोरलेन हाईवे सहित विभिन्न मार्गो से लिंक मार्ग भी है अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के मूवमेंट पर निगरानी रहेगी एवं आपराधिक गतिविधि पर नियंत्रण रहेगा।

इस क्षेत्र में आकस्मिक पुलिस सेवा डायल 112, दोनों थानों के मोबाइल, चीता मोबाइल, अतिरिक्त मोबाइल पार्टी निरंतर पेट्रोलिंग में रहेंगे।

पूर्व में क्षेत्रवासियों द्वारा जनसंवाद के माध्यम से पृथक पृथक क्षेत्र में पुलिस सहायता केंद्र की आवश्यकता जताई गई थी, जिसे दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार देरी तिराहा पुलिस सहायता केंद्र का निर्माण



कराया गया था जो वर्तमान में सक्रिय है एवं सकारात्मक प्रभावी है।

लोकार्पण कार्यक्रम के पश्चात जनप्रतिनिधि, क्षेत्रवासी एवं धार्मिक गुरुओं की उपस्थिति में जनसंवाद कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जनसंवाद में आपराधिक गतिविधि में नियंत्रण हेतु विस्तार से चर्चा की गई। साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों द्वारा पुलिस जनसंवाद, ऑनलाइन शिकायतकर्ताओं से संवाद, नशे से दूरी , बेटी की शिकायत पेटी इत्यादि अभियानों की प्रशंसा की गई। क्षेत्र वासियों की आवश्यकता अनुसार छतरपुर नगर के टोरिया मोहल्ला एवं झांसी-खजुराहो फोरलेन पर भी शीघ्र नवीन पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किया जाएगा। यह चौकी दोनों थाना क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, क्षेत्र वासियों, आगुन्तकों, राहगीरों की सहायता तथा शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु एक सक्रिय केंद्र के रूप में कार्य करेगी। उद्घाटन के उपरांत पुलिस अधिकारियों ने चौकी का निरीक्षण किया एवं सीसीटीवी, माइक, लाउडस्पीकर जैसी व्यवस्थाओं एवं जन सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। जन सहयोग से निर्मित यह पुलिस सहायता केंद्र जन सेवा हेतु समर्पित है, क्षेत्र वासियों एवं पुलिस अधिकारियों ने परस्पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी, थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक बाल्मीकि चौबे, नगर के गणमान्य नागरिक, पत्रकारबंधु, क्षेत्रवासी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मानवता की मिशाल- आबिद खान के भाई जावेद खान ने मानसिक विक्षिप्त युवा की मदद की

खजुराहो में समाज सेवा के नाम पर कई एनजीओ संचालक अपना पेट भर रहे हैं, लेकिन वास्तविक जरूरत के समय अक्सर वे अनुपस्थित रहते हैं। लेकिन आज एक ऐसी घटना सामने आई है जिसने मानवता की मिशाल कायम की है।

खजुराहो के आबिद बिरयानी दुकान के संचालक आबिद खान के बड़े भाई जावेद खान ने एक मानसिक विक्षिप्त युवा की मदद करने का फैसला किया। जावेद खान ने उस युवा को अपने हाथों से नहलाया, नए वस्त्र पहनाए और उसकी देखभाल की।

**जावेद खान की इस पहल की सराहना**

स्थानीय निवासियों ने जावेद खान की इस पहल की सराहना की है और उन्हें मानवता का प्रतीक बताया है। लोगों




का कहना है कि जावेद खान ने साबित कर दिया है कि सच्ची समाज सेवा किसी बड़े पद या संगठन की जरूरत नहीं होती, बल्कि इसके लिए बस मानवता की भावना होनी चाहिए।

**आबिद खान ने भी जताई खुशी**

आबिद खान ने भी अपने भाई जावेद खान की इस पहल पर खुशी जताई है और कहा है कि उनका भाई हमेशा से ही मानवता की सेवा के लिए तत्पर रहता है। आबिद खान ने कहा कि जावेद खान की इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी समाज सेवा के कार्यों में आगे आएंगे।

**जावेद खान की इस पहल की चर्चा**

जावेद खान की इस पहल की चर्चा पूरे शहर में हो रही है और लोग उनकी इस मानवता की भावना की सराहना कर रहे हैं। यह घटना साबित करती है कि सच्ची समाज सेवा के लिए किसी बड़े पद या संगठन की जरूरत नहीं होती, बल्कि इसके लिए बस मानवता की भावना होनी चाहिए।

## रेलवे पुल के नीचे हाथ-पैर बंधी मिली महिला, सिविल लाइन थाना पुलिस जांच में जुटी

छतरपुर। जिले में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम ढड़ारी के समीप पुल के नीचे एक 30 वर्षीय महिला संदिग्ध अवस्था में हाथ-पैर और मुंह बंधी हुई मिली। स्थानीय लोगों की सूचना पर 112 डायल पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर महिला को जिला अस्पताल पहुँचाय गया महिला की पहचान बिजावर थाना क्षेत्र की निवासी के रूप में हुई है। फिलहाल डॉक्टर आशीष शुक्ला ने उसका प्राथमिक उपचार किया और फिर उसे प्रसूता वार्ड में डॉ. निधि खरे की देखरेख में भर्ती किया गया सूत्रों के अनुसार, उक्त महिला ने पूर्व में कई थानों में गंभीर आरोप लगाते हुए प्रकरण दर्ज कराए थे। वर्तमान मामले को लेकर पुलिस सतर्क है और घटनास्थल की जांच कर रही है।सिविल लाइन थाना प्रभारी बाल्मीक चौबे ने बताया कि ÷महिला को संदिग्ध अवस्था में हाथ-पैर बंधे हुए पाया गया है। मामले की जांच की जा रही है, तथ्य सामने आने पर उचित कार्यवाही होगी।÷

## गांव गांव बिक रही अवैध शराब गांव की महिलाओं ने शराबबंदी, गुंडागर्दी के खिलाफ दिया ज्ञापन

। पन्ना जिले में अवैध शराब कारोबार पर आए दिन ज्ञापन और प्रदर्शन हो रहे हैं फिर भी प्रशासन जाग नहीं रहा ऐसा ही मामला पन्ना जिले की पवई तहसील का सामने आया है पवई/गांव गांव के लोग कर रहे नशे का बहिष्कार , ग्रामीण महिलाएं हो रही नशे के कारण प्रताड़ित जिसके चलते आज पन्ना जिले की तहसील पवई के ग्राम हड़ा गांव की समस्त महिलाओं ने एस. डी. एम, थाना प्रभारी, एस. डी. ओ. पी पवई को ज्ञापन सौंपा ग्रामीण महिलाओं सहित लोगों के आरोप है , की हड़ा ग्राम में खुले आम 24 घंटे अवैध शराब बिक्री हो




रही है , बेचने वाले दबंग है उन्हें राजनैतिक संरक्षण प्राप्त होने के चलते ,दबंग माफिया ग्रामीणों को धमकियां देते गाली गलोंच करते है , जिसके चलते बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे,महिला सरपंच बबली वंशकार ने बताया कि महिलाएं आंगनवाड़ी , पंचायतों में नहीं जा पा रही ,जहां पर अवैध शराब बेची जा रही है वहीं पर स्कूल , पंचायत भवन, आंगनवाड़ी, ये तीनों प्रशासनिक केंद्र है , फिर भी दबंग धमकी देते है ग्रामीणों को, की कोई मेरा कुछ नहीं करलेगा, गुंडागर्दी ओर अवैध शराब बिक्री अधिक होने के चलते आज नारी शक्ति ने अपनी ताकत दीखाई ओर आवेदन दिया ओर चेतावनी भी दी कि अगर प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं करेगा तो हम लोग खुद डंडा उठाने के लिए तैयार हो जायेंगे , एक बुजुर्ग महिला का दामाद तो अपनी पत्नी को भी जबरजस्ती शराब पिलाता है ओर बुजुर्ग महिला से मारपीट करता है जिसके दवाब में उसकी बेटी को शराब पीना पड़ता है, अब देश की नारी शक्ति को आगे आना होगा गुंडों माफियों के खिलाफ मैदान में खड़ा होना पड़ेगा ,भगवती मानव कल्याण संगठन लगातार पूज्य गुरुदेव के दिशा निर्देशन में गांव गांव नशा मुक्ति अभियान चला रहा है ओर ग्रामीणों का साथ भी दे रहा ,इसी तरह गांव गांव के लोगों महिलाओ को भी संगठन के साथ कदम से कदम मिलकर साथ देने की जरूरत है

# राजनगर/भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, ट्रैक्टर रैली के साथ तहसील प्रांगण पहुंचे किसान



राजनगर । भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत के तत्वाधान में किसानों ने नगर परिषद राजनगर के सभागार मे मंचीय कार्यक्रम के बाद ट्रैक्टर रैली निकालकर राजनगर तहसील प्रांगण पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में किसानों ने मूंगफली खरीदी का समर्थन मूल्य 7263 रुपये प्रति क्विंटल करने, उपज मंडियों में फसल की खरीदी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने, बिजली व सिंचाई समस्याओं के समाधान, आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा, भू-अधिग्रहण कानून में संशोधन, सहकारी संस्थाओं के माध्यम से खाद-बीज वितरण की व्यवस्था दुरुस्त करने सहित 9 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम प्रशांत अग्रवाल एवं तहसीलदार धीरज गौतम भी मौजूद रहें को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का त्वरित समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस दौरान प्रमुख रूप से मंच संचालन कर्ता राधाचरण पटेल युवा वाहिनी जिला प्रमुख, अयोध्या प्रसाद पटेल जिला अध्यक्ष, मुख्य अतिथि प्रहलाद सिंह प्रांत महामंत्री, गजराज सिंह प्रांत अध्यक्ष, तुलाराम प्रांत संगठन मंत्री, रहीस संभागीय अध्यक्ष, हेमंत संभागीय मंत्री, राम भाई दमोह अध्यक्ष, कैलाश पटेल जिला कोषाध्यक्ष, राजेन्द्र पटेल जिला मंत्री, हरदयाल कुशवाहा जिला मीडिया प्रभारी, परशुराम पटेल जिला उपाध्यक्ष, राजाराम यादव जिला उपाध्यक्ष, महेंद्र पटेल सदस्य, ब्लाक अध्यक्ष रामप्रकाश, हरप्रसाद ब्लाक मंत्री, महेंद्र पटेल ब्लाक कोषाध्यक्ष,प्रीतम पाल सह मंत्री, राकेश पटेल ब्लाक उपाध्यक्ष, बाबूलाल पटेल सदस्य, संतोष कुशवाहा, हुकुम पटेल, सुरेश पटेल, हरिचरण पटेल, दीनदयाल अहिरवार सहमंत्री, पुलिस प्रशासन सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## स्कूल जाने के नाम पर बच्चों की जान से खिलवाड़ टैक्सी में डेढ़ दर्जन बच्चों को ठूंसा गया

छस्रतरपुर शहर की सड़कों पर आज जो तस्वीरें सामने आई, उन्होंने न सिर्फ ट्रैफिक व्यवस्था की पोल खोल दी, बल्कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों और प्रशासन की गंभीर लापरवाही भी उजागर कर दी। एक वायरल वीडियो में देखा गया कि एक टैक्सी में डेढ़ दर्जन मासूम बच्चों को जानवरों की तरह ठूंस-ठूंसकर बैठाया गया। चारों तरफ बच्चों के पैर लटके हुए थे, सामने ड्राइवर सीट के दोनों ओर दो-दो बच्चे, पीछे ट्रॉली में जहां बैग रखे जाते हैं, वहां तक बच्चों को बैठा दिया गया। टैक्सी के अंदर लगभग 18 बच्चे ठसाठस भरे हुए थे। यह नजारा किसी हादसे को खुला न्योता देने जैसा है। इतनी भीड़भाड़ में एक छोटी सी झटका या ब्रेक किसी बच्चे की जान ले सकता है। अगर कोई बच्चा फिसलकर नीचे गिर गया तो हादसे को रोकना नामुमकिन होगा।छतरपुर की ट्रैफिक पुलिस इन दिनों चालानी कार्रवाई के नाम पर वसूली में व्यस्त नजर आती है, लेकिन जब इस तरह की गंभीर लापरवाहियों पर कार्रवाई की बात आती है, तो आंखें मूंद ली जाती हैं। ऋळ्नह विभाग भी सिर्फ कागजी कार्रवाई में व्यस्त रहता है जब कोई बड़ा हादसा होता है, तभी प्रशासन और ऋळ्नह विभाग नींद से जागते हैं। क्या किसी बच्चे की जान जाने के बाद ही कदम उठाए जाएंगे।

# भाजपा की विचारधारा राष्ट्रहित, सांस्कृतिक गौरव और जनसेवा पर आधारित

**उद्घोष समय सतना, अंकित शर्मा**

**-सेवा पखवाड़ा केवल पार्टी का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनसेवा का जनांदोलन**
**पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय**
**-कार्यकर्ताओं का निर्माण और नए लोगों को जोड़ना कार्यक्रमों का लक्ष्य नरेंद्र त्रिपाठी**
**-संकल्प लें, समर्पण दिखाएँ और सेवा पखवाड़े में बढ़-चढ़कर भाग लें *ऋषभ सिंह**
**-'सेवा परमो धर्मः' के मूल मंत्र पर श्री मोदी जी के जन्मदिन से मनाया जाएगा 'सेवा पखवाड़ा'**
**श्री मोदी जी के जन्म दिवस पर युवा मोर्चा करेगा रक्तदान**

सतना भाजपा युवा मोर्चा की कार्यशाला भाजपा जिला कार्यालय भरहुत नगर आयोजित की गई मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेन्द्र त्रिपाठी विनोद तिवारी सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक जिला महामंत्री ऋषभ सिंह सह संयोजक डॉ गौरव सिंह गहरवार शैलेन्द्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मुरारी सोनी विजय तिवारी जिला मंत्री जान्हवी त्रिपाठी रेनू सिंह जिला कोषाध्यक्ष जय प्रताप गुप्ता सुनील मिश्रा अध्यक्षता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौभाग्य केसरी ने की। सभी अतिथियों ने 'सेवा पखवाड़ा' पर आयोजित युवा मोर्चा जिला स्तरीय कार्यशाला को दीप प्रज्जवलन एवं महापुरूषों को पुष्पांजलि अर्पित कर शुभारंभ किया। भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा राष्ट्रहित, सांस्कृतिक गौरव और जनसेवा पर आधारित है, यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमारे




कार्यकर्ता तपोनिष्ठ एवं राष्ट्र सेवा के संकल्प से बने हैं। सेवा पखवाड़ा हमारे लिए केवल कार्यक्रम नहीं है बल्कि जनसेवा का जनांदोलन है। पार्टी के कार्यक्रमों का लक्ष्य कार्यकर्ताओं का निर्माण है। इसलिए हमें आने वाले कार्यक्रमों से नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना है।

**हमें सेवा पखवाड़ा के माध्यम से जनता में**

आत्मनिर्भर भारत जैसे विचारों से युवा पीढ़ी को अवगत कराना होगा। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता सेवा पखवाड़े में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के उद्देश्य को समझें और समर्पण से काम में जुट जाएं। विकसित भारत सिर्फ संकल्प नहीं, सिद्धि का मार्ग है। संकल्प लेकर पूरे समर्पण के साथ सेवा पखवाड़े में बढ़-चढ़कर भाग लें। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का मंत्र है 'सेवा परमो धर्म'। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का जन्मदिवस 17 सितंबर से महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से 'सेवा पखवाड़ा' मनाया जाएगा।


**भरोसे का सेतु बनाना है - ऋषभ सिंह**

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला संयोजक जिला महामंत्री ऋषभ सिंह ने कहा कि यह पखवाड़ा उस नेतृत्व को समर्पित है, जिसने भारत को वैश्विक मंच पर सम्मान दिलाया है। प्रधानमंत्री मोदी जी की नीतियों और नेतृत्व ने भारत को एक नई दिशा दी है। विश्व में मोदी जी की भूमिका एक विश्व नेता के रूप में उभरी है, जिस पर हर भारतीय को गर्व है। भारतीय जनता पार्टी देशऔर प्रदेश में सेवा, समर्पण और सुशासन के माध्यम से जनता का विश्वास जीत रही है, वहीं विपक्ष जानता है कि उसका भविष्य अंधकारमय है, इसलिए वह घबराया हुआ है। हमें अपने-अपने जिलों, मंडलों और बूथ स्तर पर जनता के बीच जाकर यह संदेश पहुचाना है कि यह पखवाड़ा केवल पार्टी ही नहीं, बल्कि जनसेवा का जनांदोलन है। हमें केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर घर-घर जाना है। सेवा पखवाड़ा÷ के तहत जिले भर में आयोजित होंगे कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा÷ के प्रभारी जिला महामंत्री ऋषभ सिंह ने आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि 11 से 13 सितंबर तक मंडल स्तर में कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। 17 से 24 सितंबर तक स्वास्थ्य शिविर, 18 सितंबर से 2 अक्टूबर तक रक्तदान शिविर का आयोजन युवा मोर्चा को करना है। युवा भाजपा की रीढ़ है।

कार्यशाला को भाजयुमों जिला अध्यक्ष सौभाग्य केसरी ने संबोधित करते हुए कहा कि युवा मोर्चा के सभी पूर्व जिला अध्यक्ष पूर्व कार्यकर्ताओ का भी समागम हुआ और रक्तदान की कार्य योजना तैयार की गई।

इस अवसर में महिला मोर्चा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रियांशा उर्मालिया जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता श्यामू मंडल अध्यक्ष संजय अग्रवाल चांदी एड अरविन्द मिश्रा अग्निवेश शुक्ला रामसागर पांडेय प्रभा पांडेय आशा शुक्ला सुनीता शर्मा आयुषी तिवारी प्रियंक त्रिपाठी अमित गर्ग प्रसून मिश्रा, पुष्पराज कुशवाहा, आशीष चतुर्वेदी, शिवेंद्र गुप्ता अजीत यादव, आशुतोष त्रिपाठी, अतुल शुक्ला, अमित गर्ग ,अनुज मिश्रा ,शिवांक देव सिंह, के के पांडेय, अमित सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष सुनील यादव, सौरभ सिंह , रावेंद्र शुक्ला, सुमित पाठक, शिवम , सालिग जैसवाल, वीरेंद्र पांडेय, आदित्य सिंह, मनीष तिवारी, नीरज शर्मा, पीयूष सिंह, सहित कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बरगी डैम पूरी तरह सुरक्षित : मध्यप्रदेश सरकार



**जबलपुर/प्रतिनिधि।** बरगी बांध को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों के बाद एमपी सरकार सक्रिय हो गई. भोपाल से लेकर जबलपुर तक अफसरों की टीम हरकत में आई और तत्काल उच्च स्तरीय जांच कराई गई. केंद्रीय जल आयोग ;ब्ॅब्द्ध और राज्य सरकार की इंजीनियरिंग टीम ने मौके पर पहुंचकर बांध का बारीकी से निरीक्षण किया. जांच में यह स्पष्ट हुआ कि बांध पूरी तरह सुरक्षित है और रिसाव जैसा कोई मामला नहीं है. दरअसल जो दृश्य वीडियो में दिखाया गया था वह सामान्य तकनीकी प्रक्रिया का हिस्सा थाए जिसे गलत तरीके से रिसाव करार देकर लोगों को गुमराह किया गया.

सरकार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट किया कि बरगी डैम को लेकर किसी तरह की चिंता की आवश्यकता नहीं है. प्रदेश के जल संसाधन विभाग ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा कि बांध की नियमित निगरानी और रखरखाव अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किया जाता है. इसमें सुरक्षा से जुड़ा कोई भी समझौता नहीं किया जाता. अधिकारियों का कहना है कि बांध की संरचना मजबूत है और वर्तमान परिस्थिति में इसके असुरक्षित होने का कोई सवाल ही नहीं उठता. यह पहला अवसर नहीं है जब किसी बड़े बांध के बारे में अफवाहें फैलाकर लोगों के बीच डर पैदा किया गया हो. बरगी डैम की रणनीतिक महत्ता को देखते हुए अफवाहें ज्यादा तेजी से पकड़ बनाती हैं.

1980 के दशक में जब यह बांध बना था तब भी कई तरह की शंकाएँ उठी थींए लेकिन समय ने साबित किया कि यह संरचना सुरक्षित और सक्षम है. विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे वायरल वीडियो से सामाजिक शांति और प्रशासनिक विश्वास दोनों पर असर पड़ता है. यही कारण है कि सरकार ने तुरंत सख्ती दिखाते हुए अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं. राज्य सरकार ने स्पष्ट कर दिया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को दोहराने की कोशिश करने वालों पर साइबर कानून और आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी. बरगी डैम का महत्व सिर्फ़ जलापूर्ति तक सीमित नहीं है.

यह डैम सिंचाई, बिजली उत्पादन और मत्स्य उद्योग के लिए भी बेहद अहम है. नर्मदा नदी पर बने इस विशाल बांध ने न सिर्फ़ जबलपुर बल्कि आसपास के जिलों के आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभाई है. यही वजह है कि इसकी सुरक्षा को लेकर जरा.सी भी खबर बड़ी हो जाती है. विशेषज्ञ मानते हैं कि डैम की संरचना इतनी मजबूत है कि किसी भी सामान्य दबाव या बारिश से इसे कोई खतरा नहीं है.

## मध्य प्रदेश में आज भी भारी बारिश का अलर्ट नहीं, कई जिलों में जारी रहेगा हल्की बारिश का दौर

मध्य प्रदेश में बारिश का सिस्टम कमजोर पड़ने से तेज बारिश का दौर थमा हुआ है। ज्यादातर जिलों में मौसम साफ है। मंगलवार को किसी भी जिले में तेज बारिश का अलर्ट नहीं जारी किया गया। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और नर्मदापुरम संभाग में अगले 4 दिन भारी बारिश का अलर्ट नहीं है। जबलपुर संभाग के कुछ जिलों में तेज पानी गिर सकता है। प्रदेश में अब तक औसत 41.3 इंच बारिश हो चुकी है, जो सामान्य के मुकाबले 12 प्रतिशत यानी 4.3 इंच ज्यादा है।

मौसम विभाग की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया- प्रदेश में मंगलवार को कहीं भी तेज बारिश का अलर्ट नहीं है। बुधवार और गुरुवार को कुछ जिलों में बारिश का अलर्ट है। इससे पहले सोमवार को भोपाल, इंदौर समेत अधिकांश जिलों में तेज धूप खिली रही। वहीं, सागर में सवा इंच, खजुराहो में आधा इंच बारिश हो गई। छिंदवाड़ा, उमरिया में भी बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। प्रदेश में अब तक औसत 41.3 इंच बारिश हो चुकी है।

अब तक 33.4 इंच पानी गिरना था। इस हिसाब से 7.9 इंच पानी ज्यादा गिर चुका है। प्रदेश की सामान्य बारिश औसत 37 इंच है। यह कोटा पिछले सप्ताह ही पूरा हो गया है। 4.3 इंच पानी ज्यादा गिर गया है।30 जिले- भोपाल, राजगढ़, रायसेन, विदिशा, अलीराजपुर, बड़वानी, कटनी, नरसिंहपुर, सिवनी, मंडला, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, दतिया, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, रतलाम, मंदसौर, नीमच, आगर-मालवा, भिंड, मुरैना, श्योपुर, सिंगरौली, सीधी, सतना और उमरिया में बारिश का कोटा फुल हो चुका है।

## गर्भपात की अनुमति देने से हाईकोर्ट ने किया इंकार, कहा मां की सहमति है जरूरी, 28 सप्ताह से ज्यादा का हो गया गर्भ



**जबलपुर/प्रतिनिधि।** मैहर में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म हुआ था। इस घटना के बाद वह गर्भवती हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जांच में पता चला कि लड़की 28 सप्ताह की गर्भवती है। इस बारे में मैहर जिला कोर्ट ने हाईकोर्ट को जानकारी दी। हाईकोर्ट ने मेडिकल रिपोर्ट देखने के बाद कहा कि गर्भ 28 सप्ताह से ज्यादा हो चुका है। ऐसे में गर्भपात की अनुमति नहीं दी जा सकती। सुनवाई के दौरान जस्टिस विशाल मिश्रा ने कहा कि एमटीपी (मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी) कानून के तहत गर्भपात के लिए गर्भवती की सहमति जरूरी है। यहां पीड़िता और उसकी मां ने गर्भपात से मना कर दिया। उनका कहना था कि लड़की ने आरोपी युवक से शादी कर ली है और वह चाहती है कि उसे जेल से रिहा किया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि मेडिकल बोर्ड अपनी रिपोर्ट में पूरी जानकारी नहीं देता। बोर्ड को यह साफ लिखना चाहिए कि गर्भ जारी रहने से मां की जान या सेहत को खतरा है या नहीं और बच्चा जन्म लेने पर उसमें कोई गंभीर बीमारी या कमी तो नहीं होगी। हाईकोर्ट ने आदेश दिया कि इस फैसले की प्रति सभी जिला एवं सत्र न्यायाधीशों और राज्य मेडिकल बोर्ड को भेजी जाए।

## पुलिस ने हत्थे चढ़ा शातिर चोर गिरोह, लग्जरी कार से रैकी करते, पिकअप से ढोते थे चोरी का माल




जबलपुर। कटंगी के बेलखाडू चौकी पुलिस ने एक चोर गिरोह को बेनकाब कर दिया है। पुलिस ने इस गिरोह के 7 शातिर युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस दल अन्य फरार दो आरोपियों की पतासाजी में लगी हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी कार से रैकी करते थे और मौका मिलते चोरी करके माल पिकअप से ढो लेते थे। कटंगी थाना प्रभारी पूजा उपाध्याय ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थीए जिस पर बेलखाडू चौकी प्रभारी राजेश धुर्वे ने गैस गोदाम से सिलेंडर चोरी करने के मामले में छानबीन शुरू कर दी थी। पुलिस ने संतोष यादव, साहिल बर्मन, दीपक साहू, राहुल चौधरी, नरेंद्र रजक, सोनू कुशवाहा और मोनू कुशवाहा को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से रसोई गैस के भरे 60 सिलेंडर सहित लग्जरी कार और पिकअप वाहन जब्त किया।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में एबीवीपी- एमपीएयू के कार्यकर्ता में विवाद

### एक-दूसरे पर किया लाठियों से हमला, 5 घायल

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** जबलपुर के पॉलिटेक्निक कॉलेज में आज दोपहर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) व मप्र स्टूडेंट यूनियन (एमपीएयू) के कार्यकर्ताओं में टकराव हो गया। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई, यहां तक कि लाठी-डंडे से हमला किया, जिसमें 5 छात्रों को चोटें आई है। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची ओमती पुलिस ने छात्रों को कॉलेज परिसर से बाहर किया और जांच शुरू की।

खबर है कि कॉलेज में सदस्यता अभियान के दौरान दोनों संगठनों के बीच बहस शुरू हुई, जो देखते-देखते मारपीट में बदल गई। इस बीच कुछ छात्र बेसबॉल, स्टिक, लाठियां



लेकर पहुंच गए। झगड़े में एबीवीपी से पृथ्वीराज सोनकर, राहुल ठाकुर व जाहिद खान, जबकि एमपीएसयू से यश और अदभुत दुबे घायल हुए हैं। दोनों संगठनों के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर मारपीट के आरोप लगाए हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश महामंत्री माखन शर्मा का आरोप है कि तथाकथित विद्यार्थी संगठन कॉलेज में पढ़ाई करने आने वाले छात्रों को गांजा सप्लाई करते थे। यह जानकारी एक सप्ताह से लगातार मिल रही थी। आज जब परिषद के छात्र पॉलिटेक्निक कॉलेज पहुंचे और छात्रों से बात की तो विवाद बढ़ गया। माखन शर्मा का कहना है कि छात्रों की जान से खिलवाड़ करने वाले संगठन को ना सिर्फ जबलपुर बल्कि मध्य प्रदेश से हटाया जाएगा। मध्य प्रदेश स्टूडेंट यूनियन के अध्यक्ष अभिषेक पांडे का आरोप है कि हमारे संगठन के छात्रों पर दबाव बनाकर अपने संगठन (एबीवीपी) में शामिल कर रहे थे। जिसका हमने विरोध किया तो 50 से 60 लड़के आए और बेसबॉल से हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि एबीवीपी चाहता है कि मध्य प्रदेश में सिर्फ उनका संगठन चले और जब हमने इसका विरोध किया तो हम पर प्राणघातक हमला किया गया है।

## आईआरसीटीसी कराएगा नेपाल के पशुपतिनाथ के दर्शन

### 4 अक्टूबर को इंदौर से चलेगी ट्रेन, जबलपुर होकर जायेगी

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** पैलेस ऑन व्हील, महाराजा स्पेशल जैसी ट्रेनों के साथ ही अक्टूबर 4 को भारतीय रेलवे खानपान एवं टूरिज्म निगम लिमिटेड स्पेशल ट्रेन चलाने जा रहा है। यह ट्रेन नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन कराएगी। इस ट्रेन में 350 यात्री सफर कर सकेंगे। यह ट्रेन इंदौर से शुरू होकर नेपाल तक जाएगी।

आईआरसीटीसी के एरिया मैनेजर नरोत्तम नामदेव ने बताया कि ट्रेन के जबलपुर से होकर गुजरने से पूरे महाकौशल क्षेत्र के श्रद्धालुओं-धार्मिक जनों को जबलपुर से नेपाल में भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन करने का लाभ मिलेगा। यह गाड़ी 4 अक्टूबर को इंदौर से रवाना होकर पशुपतिनाथ नेपाल दर्शन यात्रा के लिए रवाना होगी। इस मौके पर रेलवे की ओर से सादिक खान, शिव पाटिल भी मौजूद रहे।



ट्रेन इंदौर से चलकर उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, रानी कमलापति, इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी एवं सतना होते हुए गंतव्य की ओर जाएगी। डीलक्स एसी ट्रेन 09 रातें 10 दिनों की इस यात्रा में चितवन राष्ट्रीय उद्यान, पोखरा एवं काठमांडू के दर्शनीय एवं धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। यात्रियों को भोजन उनकी ही बर्थ पर दिया जाएगा। इस ट्रेन में यात्रा करने के लिए आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर ऑनलाइन बुकिंग की जा सकती है।

# किन्नर बनकर रेल कर्मचारी करता था गंदा काम, अप्राकृतिक दुष्कर्म मे नाकाम रहने पर कमल नेपाली की कर दी हत्या

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल की रेलवे कालोनी में दो दिन पहले हुई कमल नेपाली की हत्या के मामले में पुलिस ने रेलकर्मी ओमप्रकाश (59) को बाग सेवनिया थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

एसीपी रजनीश कश्यप ने बताया कि ओमप्रकाश रेलवे में नौकरी करने के अलावा तंत्र-मंत्र का अभ्यास भी करता था। किन्नर की वेशभूषा में तंत्र विद्या के सहारे युवकों पर अप्राकृतिक संबंध बनाने का दबाव डालता था।

### किन्नर के रूप में अप्राकृतिक संबंध का बनाता था दबाव

पुलिस ने बताया कि आरोपी ओम प्रकाश युवाओं को पैसे और शराब का लालच देकर अपने सरकारी क्वार्टर पर बुला कर और तंत्र विद्या का डर दिखा कर अप्राकृतिक कृत्य करने का दबाव डालता था। जांच में आरोपी के मोबाइल से तंत्र-मंत्र करने वाले कई वीडियो भी मिले हैं। जांच के लिए वीडियो



लैब भेज दिया गया है।

### आरोपी के खिलाफ जांच जारी

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी लंबे समय से युवकों को शिकार बना रहा था। वह उन्हें बहला-फुसलाकर अपने जाल में फंसाता और फिर दबाव बनाता। जांच में यह भी सामने आया है कि वह इलाके के कई लोगों को शिकार में लिया था। एसीपी मिसरोद रजनीश कश्यप ने बताया कि आरोपी रेलकर्मी के खिलाफ हत्या, अप्राकृतिक कृत्य और अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। वहीं पुराने आपराधिक मामलों की भी जांच जारी है।

**हत्या के बाद हुआ खुलासा**

पुलिस ने बताया कि हत्या की घटना के बाद पुलिस जांच में मोबाइल से कई खुलासे हुए हैं। आरोपी ने कमल नेपाली को घर में सेवादार बनाकर रखा था। घटना के दिन उसने कमल से अप्राकृतिक कृत्य करने की कोशिश की। विरोध किया आरोपी ने बेरहमी से उसकी हत्या कर दी।

## यूपी के फरीदाबाद के एसी यूनिट में शार्ट सर्किट से भड़की आग

### जबलपुर के दंपति व बेटी की मौत

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** फरीदाबाद के ग्रीन फील्ड कॉलोनी स्थित बी ब्लॉक के एक फ्लैट में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आगजनी की घटना में जबलपुर मूल का रहने वाले दम्पति व उनकी बेटी की मौत हो गई है। परिवार का छोटा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार देर रात फ्लैट में आग भड़क गई थी। कमरे में लगा एसी का कंप्रेसर पफट गया थाए जिससे आग भड़क गई थी। आग की प्रचंडता से दूसरी मंजिल चपेट में आ गई थी। इस हादसे में जबलपुर मूल के सचिन कपूरए पत्नी रिंकू कपूर और बेटी सुजैन की मौत हो गई है। परिवार का बेटा आर्यन कपूर बच गया है, जिसे अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस के मुताबिक सचिन रोजगार के लिए फरीदाबाद गए थे। वे



शेयर ट्रेडिंग का काम कर रहे थे। वे पांच साल पहले इस कॉलोनी में परिवार के साथ रह रहे थे।

## सिंगरौली पहुंची महिला के साथ स्टेशन में रेप

### कटनी जीआरपी में एफआईआर दर्ज

कटनी/सिंगरौली। एमपी के सिंगरौली रेलवे स्टेशन पर महिला यात्री के साथ रेप का मामला सामने आया है। महिला को जीआरपी ने 300 किमी दूर कटनी लाकर एफआईआर दर्ज की और आरोपी वाहन स्टैंड के ठेकाकर्मी को गिरफ्तार कर लिया।

दरअसल, रविवार-सोमवार की दरमियानी रात 25 वर्षीय महिला पति के साथ जबलपुर-इंटरसिटी से सिंगरौली पहुंची। यहां से उन्हें चौपन जाना था। करीब 12ा30 बजे पति चाय लेने स्टेशन के बाहर गया और महिला सिंगरौली-बरगवां छोर स्थित शौचालय गई, तभी वाहन स्टैंड के कर्मचारी देवालाल साकेत (25) ने वारदात को अंजाम दिया। सिंगरौली स्टेशन चौकी में शिकायत की गई।

### जबलपुर से महिला एसआई को बुलाया

सिंगरौली स्टेशन चौकी में ऑनलाइन एफआईआर, सीसीटीएनएस व महिला एसआई पदस्थ न होने से पीड़िता की करीब 300 किमी दूर कटनी जीआरपी थाने लाकर एफआइआर दर्ज की गई। कटनी जीआरपी में महिला एसआई न होने से जबलपुर से एसआई संजीवनी



राजपूत को कटनी बुलाया गया। संजीवनी ने महिला के बयान लेते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 64, 351 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया। बता दें, सिंगरौली स्टेशन कटनी जीआरपी थाना क्षेत्र में आता है इसलिए यहां कार्रवाई हुई। वहीं इस संबंध में कटनी जीआरपी थाना प्रभारी एलपी कश्यप ने बताया कि सिंगरौली स्टेशन के शौचालय में रेप की घटना सामने आई है। एफआईआर दर्ज की गई है।

## कटनी में चोरों की करतूत, चोरी के बाद रेल कर्मचारी का घर भी जला दिया

### आक्रोशित सैकड़ों कर्मचारियों ने किया काम बंद

कटनी/जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के कटनी में आज मंगलवार 9 सितम्बर की सुबह जमकर बवाल मच गया। दरअसल यहां पर रेल कालोनी में रहने वाले एक कर्मचारी के घर चोर घुसे,जहां नगदी, जेवर की चोरी करने के बाद जाते-जाते घर में आग भी लगा दी, जिससे कर्मचारी आक्रोशित हो उठे और सैकड़ों रेल कर्मचारी डबलूसीआरईयू के के साथ अपना-अपना काम छोड़कर एरिया मैनेजर के बंगले का घेराव व प्रदर्शन शुरू कर



दिया।

जैसे ही कर्मचारियों के आक्रोश की जानकारी जबलपुर पहुंची, वैसे ही अपर मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) व सीनियर डीपीओ कटनी पहुंचे और कर्मचारियों के प्रतिनिधि मंडल से मीटिंग करते रहे। समाचार लिखे जाने तक आक्रोशित कर्मचारियों ने कटनी रेल कालोनी में लगातार बढ़ती आपराधिक गतिविधियों पर अपना रोष व्यक्त करते रहे।

बताया जाता है कि बीती रात कटनी के रेलवे क्षेत्र में बदमाशों ने रेल कर्मचारी वीरन दास रैदास के क्वार्टर को निशाना बनाया। चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाशों ने क्वार्टर को आग के हवाले कर दिया, जिससे घर-गृहस्थी का अधिकांश सामान जलकर खाक हो गया। इस घटना से गुस्साए रेल कर्मचारियों ने आज सुबह एरिया मैनेजर के बंगले का घेराव किया और आरपीएफ व जीआरपी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। कर्मचारियों का कहना था कि सुरक्षा इंतजाम नाकाफी हैं और लगातार घटनाओं के बावजूद अपराधियों पर शिकंजा नहीं कसा जा रहा।

# देश के बेहतरीन शहरों में जबलपुर की बनी नई पहचान : महापौर

**स्वच्छता में पॉचवा स्थान प्राप्त करने के बाद अब स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025 में देश में दूसरा स्थान प्राप्त कर नगर निगम जबलपुर ने रचा कीर्तिमान**

### जबलपुर अद्योसंरचना एवं विकास कार्यो के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कर रहा है उत्कृष्ट कार्य - मंत्री भूपेन्द्र यादव

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के समारोह में आज नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम 2025 के अंतर्गत नगर निगम जबलपुर द्वारा ग्रीन सिटी और क्लीन सिटी जैसे कई जनजागरूकता अभियान चलाये गए तथा अद्योसंरचना एवं विकास कार्यो के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नगर निगम जबलपुर द्वारा बेहतर कार्य किये गए हैं जिसके कारण लगातार जबलपुर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। इसी के परिणाम स्वरूप आज फिर से स्वच्छ वायु सर्वेक्षण प्रतियोगिता 2025 में नगर निगम जबलपुर को देश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि अपने आप में एक कीर्तिमान है, अन्य शहरों को भी जबलपुर का अनुसरण करना चाहिए। उक्त उद्गार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मंत्री भूपेन्द्र यादव के द्वारा समारोह के मंच से व्यक्त किये गए। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने ग्रीन सिटी और क्लीन सिटी तथा स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान को जनाभियान बनाने की चर्चा करते हुए देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की भी भूरी-भूरी प्रशंसा की और जबलपुर नगर निगम के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मंच पर बुलाकर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' और नगर निगम जबलपुर के आयुक्त श्रीमती प्रीति यादव को सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किये गए और बेहतर कार्य करने के उपलक्ष्य मे नगर निगम जबलपुर को भारत सरकार के नेशनल एयर क्लीन प्रोग्राम के अंतर्गत 1 करोड़ रूपये की ईनाम राशि भी की गई भेंट। इस मौके पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा, एवं पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सचिव




तन्मय कुमार के द्वारा भी नगर निगम जबलपुर के साथ-साथ महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' और निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव, स्वच्छ वायु के क्षेत्र में जबलपुर को देश में दूसरे स्थान बनाये रखने के लिए योजना के नोडल अधिकारी एवं उपायुक्त संभव अयाची, स्वच्छता सेल के नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा और उनकी टीम के सभी सदस्यों को शुभकामनाएँ एवं बधाईयाँ दी।

इस मौके पर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने बताया कि देश के बेहतरीन शहरों में जबलपुर की नई पहचान बन रही है। उन्होंने बताया कि जबलपुर नगर निगम लगातार आगे बढ़ रहा है और नए-नए कीर्तिमान रच रहा है। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में जबलपुर नगर निगम ने स्वच्छता में देश में पॉचवॉ स्थान प्राप्त किया है और स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025 में देश में दूसरा स्थान प्राप्त कर कीर्तिमान रचा है। महापौर श्री अन्नू ने कहा कि नगर निगम नागरिकों के स्वास्थ्य का ध्यान भी रख रहा है। उन्होंने बताया कि इसके लिए ग्रीन सिटी और क्लीन सिटी ओर जबलपुर लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि शहर में सघन पौधा रोपण, ग्रीन वॉल, पाथवे, धूल रहित सड़कों के निर्माण, उद्यानों का निर्माण के साथ-साथ डी-फॉगर मशीन चलवाने एवं अन्य कार्यो से नगर निगम जबलपुर को देश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

नगर निगम जबलपुर को दूसरी बार प्राप्त इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए महापौर श्री अन्नू और निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने संस्कारधानी के सभी सम्माननीय नागरिकों के प्रति अभियान के दौरान साकारात्मक सहयोग प्रदान करने के लिए हृदय से आभार जताते हुए अनुरोध किया है कि आगे भी नगर निगम जबलपुर के द्वारा संचालित स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में करने वाले कार्यो में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें ताकि जबलपुर संस्कारधानी का नाम हमेशा राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हो सके। आज इस सम्मान समारोह के मौके पर मंच पर स्वच्छता सेल के नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा भी उपस्थित रहे।

गौरतलब है, कि नगर निगम जबलपुर द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के कुशल मार्गदर्शन में लगातार पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बेहतर कार्य किये जा रहे हैं। जिसके परिणाम स्वरूप नगर निगम जबलपुर लगातार राष्ट्रीय स्तर पर परचम फहरा रहा है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक अंकित शर्मा, संपादक शीलू शर्मा द्वारा जवाहर नगर गाली नं. 10 सतना से प्रकाशित तथा अंकित शर्मा द्वारा कोरल ऑफसेट सतना द्वारा मुद्रीत करवाकर प्रकाशित।
समस्त न्याय क्षेत्र सतना होगा। Mail id : udghoshsamay@gmail.com Mob. 7987290705